


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22
सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14, अंक - 14 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शुक्रवार 28 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## शत्रुघ्न सिन्हा लापता : पोस्टर लगाकर जनता ने पूछा कहां हो शत्रु भैय्या, भाजपा ने साधा निशाना

**पटना।** फिल्म स्टार व पॉलिटिशियन शत्रुघ्न सिन्हा इन दिनों अपने लोकसभा क्षेत्र आसनसोल से लापता हैं। यह कोई और नहीं बल्कि आसनसोल जिले में रहने वाली यूपी-बिहार की जनता कह रही है। इसके लिए बकायदा आसनसोल में जगह-जगह पोस्टर लगाए गए हैं जिसमें शत्रुघ्न सिन्हा के लापता होने की सूचना चस्पा की गई है। आसनसोल में लगा यह पोस्टर तेजी से सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। पोस्टर सामने आने के भाजपा ने घेरना शुरू कर दिया है।

बता दें शत्रुघ्न सिन्हा पहले भाजपा के कद्दावर नेताओं में गिने जाते थे। भाजपा की सरकार में वे केन्द्रीय मंत्री तक रहे। मनमुटाव होने के बाद उन्होंने कांग्रेस प्रवेश कर लिया। काफी समय तक वे कांग्रेस के साथ दिखे और वर्तमान में ममता बेनर्जी की पार्टी तृनमूल कांग्रेस के नेता हैं। तृनमूल कांग्रेस ने शत्रुघ्न सिन्हां को आसनसोल से लोकसभा का टिकट भी दिया जिसे जीतकर वे संसद पहुंचे। सांसद बनने के बाद शत्रुघ्न सिन्हा अपने लोकसभा क्षेत्र में नहीं दिखते जिसे लेकिन अब पोस्टर वार शुरू हो गया है।






### जानें क्या है पोस्टर में

आसनसोल में जो पोस्टर लगे हैं उसमें शत्रुघ्न सिन्हा के लापता होने की सूचना है। पोस्टर में लिखा है कि माननीय सांसद शत्रुघ्न सिन्हा जी बिहारी बाबू के नाम से जाने जाते हैं, जो बिहारियों के महापर्व छठ पूजा में अपने लोकसभा क्षेत्र से गायब हैं। पोस्टर पर निवेदकों के तौर पर आसनसोल की बिहारी जनता लिखा हुआ है। इसी पोस्टर के सामने आने के बाद भाजपा ने घेरना शुरू किया तो तृणमूल कांग्रेस का बयान भी सामने आया। जिसमें कहा गया है कि शत्रुघ्न सिन्हा माह में दो बार आसनसोल आते हैं और छठ पूजा पर वे आसनसोल में ही रहेंगे।

## खास खवर...

### विवादः रातभर घुघुवा में जमकर हुआ बवाल, गुस्साई महिलाओं ने फूंक दी गाड़ी

**भिलाई।** पाटन के घुघुआ में दो पक्षों के विवाद के बाद सरपंच के खिलाफग्रामीणों ने आक्रोश जताया। इस दौरान यहां पर जमकर बवाल हुआ। सरपंच परिवार व ग्रामीणों के बीच वाद विवाद- गाली गलौच शुरू हो गई। इसकी सूचना के बाद डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और और मामला सुलझाने का प्रयास किया। लाख कोशिशों के बाद मामला थमता नजर नहीं आया।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार रात को ग्राम घुघुवा में दो पक्षों के बीच विवाद की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जब पुलिस पहुंची तो यहां 20 से 25 की संख्या में ग्रामीण इकट्ठा थे उनके साथ में महिलाएं भी थी। सभी सरपंच से गाली गलौज कर रहे थे। इस दौरान छत पर सरपंच एवं उसका परिवार भी खड़ा था और ग्रामीणों से गाली गलौज कर रहा था। पुलिस इन्हें समझाती रही और वे उग्र होते रहे।

पुलिस के समझाने व रोकने के बाद भी महिलाएं नहीं मानी और बाहर खड़ी गाड़ी को मिट्टी तेल डालकर आग के हवाले कर दिया। इस दौरान माहौल काफी बिगड़ गया। ग्रामीण पुलिस पर भारी पड़ने लगे। इसके बाद कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। मौके पर पाटन एसडीओपी, भट्टी थाना प्रभारी व महिला थाने से बल बुलाया गया और महिलाओं को काबू में किया गया। इस बीच रात भर ग्राम घुघुवा में तनाव का माहौल रहा। शुक्रवार की सुबह भी पुलिस बल मौके पर मौजूद है।


## सीएम के नक्शे कदम पर भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दिवाली के दूसरे दिन प्रदेश भर में गोवर्धन पूजा की धूम रही। इस दौरान मुख्यमंत्री निवास में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राउत नाचा से लेकर परंपरागत सोंटा खाने तक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर सभी कार्यक्रम हुए। सीएम बनने के बाद से ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सभी त्योहारों को परंपरागत रूप से मना रहे हैं। मुख्यमंत्री की देखा देखी भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव भी उनके नक्शेकदम पर चल रहे हैं। अक्सर यह देखा जा रहा है कि भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किए जा रहे सभी कार्यों की नकल करते हैं।

बता दें इन दिनों भिलाई नगर विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र में भेंट-मुलाकात कर रहे हैं। वे लगातार वार्डों का दौरा कर रहे हैं और लोगों से मिलकर समस्याओं का समाधान भी कर रहे हैं। भेंट-मुलाकात की बात आई है तो बता दें यह पूरा कॉन्सेप्ट प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का है। भिलाई नगर विधायक ने इसकी नकल कर अपने विधानसभा में इसकी शुरुआत कर दी। भेंट मुलाकात के नाम पर रोज किसी न किसी वार्ड का दौरा करना और लोगों की समस्याओं को सुनने के साथ ही उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दे रहे हैं। भले ही भिलाई नगर विधायक सीएम भूपेश बघेल की नकल कर रहे हों लेकिन इससे लोगों का तो भला हो रहा है। किसी कि समस्या का त्वरित समाधान हो रहा है तो किसी का देर से लेकिन समस्याएं सुलझ रही हैं।





### गौरा-गौरी पर सोंटा भी खाया

ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हर साल दिवाली पर किए जाने वाले पारंपरिक गौरा गौरी पूजन के दौरान सोंटा खाने की रस्म निभाते हैं। इसे अब तक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ही पेटेंट माना जाता था लेकिन इस साल भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने भी गौरा गौरी पर सोंटा खाया। छावनी बिजली नगर में आयोजित गौरा गौरी पूजा में विधायक देवेन्द्र यादव शामिल हुए। इस कार्यक्रम में विधायक देवेन्द्र यादव न सिर्फशामिल हुए बल्कि सीएम भूपेश बघेल के नक्शेकदम पर चलते हुए सोंटा भी खाया। एक तरह से सीएम के पेटेंट सोंटा खाने की रस्म को भी विधायक देवेन्द्र यादव ने कॉपी कर लिया।

### छत्तीसगढिया ओलंपिक में भी दिखे भौंरा खेलते

छत्तीसगढ़ में इन दिनों छत्तीसगढ़िया ओलंपिक भी चल रहा है। पिछले दिनों राजीव युवा मितान क्लब के तत्वावधान में पारंपिरक खेलों का आयोजन किया गया। इन खेलों में भी सीएम भूपेश ने अपने हाथ आजमाए। मुख्यमंत्री बघेल ने भौंरा चलाया, गिल्ली डंडा भी खेली। इसके बाद जिला स्तर पर हुए आयोजनों में सीएम भूपेश बघेल की तर्ज पर भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने भी अपने विधानसभा में इन खेलों में हाथ आजमाया। विधायक देवेन्द्र यादव लगातार हर मौकों पर सीएम भूपेश बघेल के नक्सेकदम पर चलते नजर आ रहे हैं।

ट्विटर के मालिक बनने के बाद एलन मस्क का एक्शन

## सीईओ पराग अग्रवाल व सीएफओ नेड सेगल को किया टर्बिनेट





नई दिल्ली (एजेंसी)। ट्विटर (Twitter) का मालिक बनने के बाद टेस्ला के सीईओ एलन मस्क (Elon Musk) एक्शन में हैं। ट्विटर की कमान संभालने के बाद सबसे पहले उन्होंने सीईओ पराग अग्रवाल और सीएफओ नेड सेगल को कंपनी से टर्मिनेट कर दिया। इतना ही नहीं एलनमस्क ने इन दोनों को कंपनी हेडक्वार्टर से भी उन्हें बाहर निकलवा दिया है। बताया जा रहा है एलन मस्क इनके काम से खुश नहीं थे और डील फाइनल होने के बाद से ही दोनों इनके निशाने पर थे।

बता दें एलन मस्क ने 13 अप्रैल 2022 को ट्विटर खरीदने का ऐलान किया था। इसके बाद उन्होंने ट्विटर को 54.2 डॉलर प्रति शेयर के रेट से 44 अरब डॉलर में खरीदने का ऑफर दिया था। ऑफर देने के बाद उन्होंने कुछ कारणों से डील को होल्ड किया। अंततः उन्होंने डील ओके की और गुरुवार को ट्विटर हेडक्वार्टर सिंक लेकर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने अपना बायो भी बदला और पहला बड़ा एक्शन लेते हुए सीईओ पराग अग्रवाल और सीएफओ नेड सेगल को कंपनी से टर्मिनेट कर दिया।

### एलन मस्क ने क्यों खरीदा ट्विटर, खुद बताई वजह?

एलन मस्क ने Twitter को खरीदने के पीछे की वजह भी बताई है। एक दिन पहले उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए बताया कि उन्होंने ट्विटर को इसलिए खरीदा है ताकि हमारी आने वाली सभ्यता के पास एक कॉमन डिजिटल स्पेस हो, जहां विभिन्न विचारधारा और विश्वास के लोग किसी भी तरह की हिंसा के बिना स्वस्थ चर्चा कर सकें। उन्होंने यह भी लिखा कि ट्विटर को पैसा कमाने के लिए नहीं खरीदा है।

### इसलिए किए गए सीईओ पराग बाहर

मिली जानकारी के अनुसार मस्क ने ट्विटर के सीईओ पराग अग्रवाल, सीएफओ नेड सेगल के साथ ही लीगल अफेयर-पॉलिसी हेड विजया गाड्डे को भी बाहर निकाल दिया है। मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी खातों की संख्या को लेकर उन्हें और ट्विटर निवेशकों को गुमराह करने को लेकर यह एक्शन लिया है। हालांकि इनको निकाले जाने को लेकर कोई ऑफिशियल बयान अभी तक नहीं आया है। सीईओ व सीएफओ के काम से निकाले जाने के बाद यह भी संभावना जताई जा रही है कि एलन मस्क कंपनी से 75 फीसदी कर्मचारियों की छुट्टी कर सकते हैं।

## उतई में युवक की हत्या, खून से लथपथ मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** उतई थाना क्षेत्र में युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। यहां के ग्राम धोंराभाटा (परसाही) के पास शव की सूचना मिली थी। सुबह सूचना मिलने के बाद उतई थाने की पूरी टीम मौके पर पहुंची है। मौके पर पहुंची टीम ने जांच शुरू की तो युवक के जेब से आधार कार्ड आदि मिला है जिससे शव की पहचान की गई। बताया जा रहा है कि युवक की हत्या कर परसाही के खदान में शव को फेंक दिया गया है। हालांकि पुलिस अभी इसकी जांच कर रही है।




मिली जानकारी के अनुसार ग्राम धोंराभाटा (परसाही) के पास शव मिलने की सूचना मिली। उतई पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान ईश्वर साहू (36) निवासी ग्राम अंडा का निवासी है द्य मृतक का ससुराल परसाही में है और धोराभाटा में उसके मामा का घर हैद्य शुरुआती जांच में उसके सिर में चोट के निशान है द्य बताया जा रहा है कि युवक की किसी ने हत्या कर शव को फेंक दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## धान खरीदी प्रारंभ होने से पहले ही अवैध भंडारण शुरू, पकड़ाया 200 क्विंटल से अधिक धान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गौरेला।** एक नवंबर से छत्तीसगढ़ में धान खरीदी शुरू हो रही है। धान खरीदी से पहले ही प्रदेश में अवैध भंडारण भी शुरू हो गया है। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में धान के अवैध भंडारण पर बड़ी कार्रवाई की गई है। यहां पर कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य, राजस्व एवं कृषि उपज मण्डी के संयुक्त दल द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए 200 क्विंटल से अधिक धान जब्त किया है।



प्रदेश में एक नवम्बर से शुरू हो रहे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान धान उपार्जन केन्द्रों में अवैध धान की आवक की रोकथाम के लिए जांच आभियान शुरू किया गया। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले की कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधारी के निर्देशनुसार खाद्य, राजस्व एवं कृषि उपज मण्डी के संयुक्त दल द्वारा जिले के 10 थोक एवम फुटकर व्यापारियों के गोदाम में रेड की। इस दौरान 4 व्यापारियों के गोदाम में उपलब्ध दस्तावेज से अधिक धान का भण्डारण किये जाने का मामला सामने आया।

अतिरिक्त धान के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। टीम ने इस दौरान 251.50 क्विंटल धान जब्त किया और एक व्यापारी का गोदाम भी सील किया है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधारी ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध भंडारण पर जिला प्रशासन की नजर है और इस प्रकार का मामला पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विभागीय अफसरों को अवैध भंडारण पर नजर रखने के निर्देश भी दिए हैं।

## तो क्या आसमान से टपकेंगे ओलम्पिक खिलाड़ी?

श्रीकंचनपथ




बच्चों को देश का भविष्य कहा जाता है. इस भविष्य को संवारने के प्रति हम कितने संवेदनशील हैं, इसकी बानगी बिलासपुर में देखने को मिली. अवसर था 22वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का. राज्य के पांच संभागों से चुने गए 1600 खिलाड़ी छह खेलों में भाग लेने के लिए यहां पहुंचे थे. कराटे, बेसबॉल, कबड्डी, हॉकी, क्रिकेट और फ्लोर बॉल के लिए पहुंचे इन बच्चों के साथ वह सबकुछ दोहराया गया जिसके लिए भारत की अपनी अलग ही ख्याति है. इन खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था जहां की गई थी वहां उन्हें मच्छरों से बचाने का कोई इंतजाम नहीं था. खिलाड़ी रात भर ठीक से सो नहीं सके. डेंगू का खतरा अलग मंडरा रहा था. सुबह ठहरने की जगह से पैदल ही क्रीड़ांगन तक पहुंचे इन खिलाड़ियों और इनके शिक्षक प्रभारियों के बैठने की लिए कोई व्यवस्था नहीं थी. न तो उनके लिए नाश्ते का प्रबंध था और न पानी का. दोपहर का भोजन भी बीच में ही खत्म हो गया. क्रीड़ा विभाग के अधिकारियों का कहीं अता-पता नहीं था. शिकायत करते भी तो किससे? मंच तो केवल अतिथियों के लिए बना था. अधिकारियों को भी केवल अतिथियों की ही फिक्र थी. आयोजक स्कूल शिक्षा विभाग न जाने किन कार्यों में व्यस्त था. जिस राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में इन खेलों का आयोजन किया गया था, वह एक क्रिकेट ग्राउंड है. ग्राउंड को इन खेलों के लिए तैयार नहीं किया गया था. खेलकूद के मैदान में फर्स्ट एड की सुविधा के बारे में तो शायद स्कूल शिक्षा विभाग ने कभी सुना भी न हो पर खेल विभाग भी इतना निकम्मा हो सकता है, इसका किसी को अंदाजा तक नहीं था. दरअसल, स्कूल और कालेज के विद्यार्थी हमारे लिए भीड़ है. उनका मनचाहा उपयोग किया जा सकता है. इसमें खर्चा भी बहुत कम है. जागरूकता रैली हो या स्वागत का कार्यक्रम, इन्हें घंटों सड़कों के किनारे भूखे प्यासे खड़ा किया जा सकता है, पताका-पट्टिका लेकर मीलों पैदल चलाया जा सकता है. न तो ये विरोध कर सकते हैं और न ही इनके शिक्षक प्रभारी. इस प्रताड़ना का ही परिणाम है कि स्कूली खेलों से निकलकर अच्छे खिलाड़ी कभी सामने नहीं आ पाते. जो थोड़े बहुत खिलाड़ी राज्यों का झंडा लेकर राष्ट्रीय खेलों में जाते हैं वो स्पोर्ट्स होस्टल से आते हैं. व्यक्तिगत खेलों में अकसर संपन्न परिवारों के बच्चे ही बाजी मारते हैं. जो निजी संसाधनों से बच्चों की डायट, उपकरण और कोचिंग की व्यवस्था करते हैं. स्कूल गेम्स के अधिकांश खिलाड़ियों का खेल करियर तो छोटी-मोटी चोटों के कारण असमय ही समाप्त हो जाता है. अभी कुछ दिन पहले ही राज्य स्तरीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ. बच्चे हाल में बिछी दरी पर डरते-डरते अपने हुनर का प्रदर्शन करते रहे. तो खेलों का तामझाम किसके लिये? आखिर किन पर खर्च हो रहा खेलों का पैसा और क्यों? आखिर कौन पकड़ेगा, इन जिम्मेदारों का कॉलर और कब?

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की बड़ी उपलब्धि

## जीईएम पर 10,000 करोड़ रुपए की खरीद मूल्य पार करने वाला पहला CPSE बना

**नई दिल्ली।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) गवर्नमेंट-ई-मार्केटप्लेस (GeM) के माध्यम से 10,000 करोड़ रुपए के खरीद मूल्य (procurement value) को पार करने वाला पहला केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम (CPSE) बन गया है । ये सेल के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। GeM के साथ साझेदारी करने में सेल सबसे आगे रहा है। सेल ने GeM पोर्टल की पहुंच बढ़ाने के लिए इसकी विभिन्न कार्यक्षमताओं को बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई है।




सेल नेयह उपलब्धि गवर्नमेंट-ई-मार्केटप्लेस (GeM) की स्थापना के बाद से अब तक का बनाया का कीर्तिमान है। सेल ने त्वद्गरू पोर्टल में वित्त वर्ष 18-19 में 2.7 करोड़ रुपये की खरीद कर एक छोटी सी शुरुआत की थी जो इस साल 10,000 करोड़ रुपये के कुल मूल्य को पार कर चुकी है। संयोग से सेल पिछले वित्त वर्ष में रु 4,614 करोड़ के कारोबार के साथ त्वद्गरू पर सबसे बड़ा CPSE खरीददार था । अब तक 5,250 करोड़ रुपये से अधिक की खरीद के साथ चालू वित्त वर्ष में सेल पहले ही पिछले वर्ष की उपलब्धि को पार कर चुका है और सेल त्वद्गरू पर वॉल्यूम बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। सेल को भारत सरकार की इस डिजिटल पहल का ध्वजवाहक होने पर गर्व है।

## संपादकीय

# अभद्र बोल पर वार

अभद्र भाषा या 'हेट स्पीच' के लिए समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान को दोषी ठहराए जाने का भारतीय राजनीति में एक व्यापक सांकेतिक महत्व है। इसका एक पहलू राजनीतिक है, तो दूसरा सामाजिक है, जिस पर विस्तार से चर्चा होनी चाहिए। खैर, आजम खान को तीन साल की कैद के साथ ही, 2,000 रुपये जुर्माने की भी सजा सुनाई गई है। आजम खान ने मुख्यमंत्री व रामपुर के तत्कालीन जिलाधिकारी के खिलाफ हेट स्पीच या भड़काऊ बयान दिया था और अप्रैल 2019 में उनके खिलाफमामला दर्ज किया गया था। अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली पार्टी के एक वरिष्ठ नेता आजम खान इन दिनों उत्तर प्रदेश के रामपुर से विधायक हैं। सजा मिलने के बाद उनकी विधानसभा सदस्यता जा सकती है। अगर ऐसा हुआ, तो यह दूसरे नेताओं के लिए सबक होगा। दूसरी ओर, अगर लोग यह मानेंगे कि राजनीतिक द्वेष की वजह से आजम खान को सजा सुनाई गई है, तो इसका बुरा असर भी हो सकता है। फैसला भले अदालत ने किया है, लेकिन सरकार के लिए यह जरूरी है कि वह किसी भी तरह से राजनीतिक विद्वेष दर्शाती हुई न दिखे। आजम खान मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। जमीन हड़पने के एक मामले में वह महीनों जेल में रहे हैं और इस मामले में उन्हें तत्काल तो जेल नहीं जाना पड़ेगा, वह ऊपरी अदालत में अपील कर सकते हैं। वैसे भी ऐसे मामलों में किसी नेता को सजा देना आसान काम नहीं है। देश में बड़ी संख्या में ऐसे नेता हैं, जिन्होंने भड़काऊ बयान दिए हैं, पर आराम से सभाओं में या लोगों के बीच घूम रहे हैं। घृणा फैलाने वाले बयान व भाषण तो देश में बहुत हैं, लेकिन सजा मिलने के उदाहरण बहुत कम हैं। घृणा की अपनी अलग राजनीति है, सत्ता या सरकार बदलने के साथ ही अपराध के प्रति नजरिया बदल जाता है। विपक्ष में रहते बहुत तीखा बोलने वाले नेता भी सत्ता में आकर अपेक्षाकृत सुधर जाते हैं। कानून की राह भी बहुत उलझी हुई है, अनेक नेता पहले ही अदालतों से राहत या जमानत लेकर बैठे रहते हैं। दरअसल, बहुत हद तक ऐसे मामलों में सरकार की मर्जी भी मायने रखती है। आजम खान की ही बात करें, तो उनके खिलाफकई मामले चल रहे हैं। कभी वह उत्तर प्रदेश की सत्ता में बड़े कद्दावर नेता थे। तमाम परेशानियों के बावजूद पिछले चुनाव में उन्होंने साबित किया कि आज भी उनका जमीनी आधार है। अब जरूरी है कि वह अगर खुद को निर्दोष मानते हैं, तो कानूनी लड़ाई पुरजोर तरीके से लड़ें। जहां तक कानून और संविधान की बात है, तो उससे कोई समझौता किसी भी सरकार को नहीं करना चाहिए। कानून में पर्याप्त प्रावधान हैं कि कोई भी भड़काऊ इंसान छुट्टा नहीं घूम सकता, लेकिन आज यह बात किसी से छिपी नहीं कि सभी दलों में ऐसे लोग भरे पड़े हैं, जिनके नफरती बोल देश के बुनियादी लोकतांत्रिक ढांचे को नुकसान पहुंचा रहे हैं। अपनी बात रखने का एक सलीका है, जिसे लोग भूलते जा रहे हैं। यह भी एक पहलू है कि समाज में अपशब्द ही लोगों का ज्यादा ध्यान खींचने लगे हैं। अपशब्द बोलने वालों को सजा मिलने लगेगी, तभी यह अनुचित आदत छूटेगी। अब तो सोशल मीडिया का भी एक विशाल क्षेत्र है, जहां भाषा और भाव का संयम दिनोंदिन जरूरी होता जा रहा है। देश की अदालतों को नफरती या भड़काऊ बोल के मामले में पूरी तेजी के साथ सुनवाई पूरी करनी चाहिए, ताकि समाज केवल सकारात्मक राह पर ही आगे बढ़े।

" जहां तक कानून और संविधान की बात है, तो उससे कोई समझौता किसी भी सरकार को नहीं करना चाहिए। कानून में पर्याप्त प्रावधान हैं कि कोई भी भड़काऊ इंसान छुट्टा नहीं घूम सकता, लेकिन आज यह बात किसी से छिपी नहीं कि सभी दलों में ऐसे लोग भरे पड़े हैं, जिनके नफरती बोल देश के बुनियादी लोकतांत्रिक ढांचे को नुकसान पहुंचा रहे हैं। अपनी बात रखने का एक सलीका है, जिसे लोग भूलते जा रहे हैं।

## क्या आप सचमुच खुश हैं

जीवन हमें निरंतर चुनौती देता है; ऐसे में यह दिखावा करने का कोई मतलब नहीं कि कुछ नहीं हुआ या यह कहने का भी कोई अर्थ नहीं होता कि हम तैयार नहीं हैं। चुनौती इंतजार नहीं करेगी, न ही जीवन पीछे मुड़कर देखता है। भाग्य को मानना है या नहीं, यह तय करने के लिए एक सप्ताह का वक्त काफी होता है। जीवन में दुख भी हैं और हार भी। इनसे कोई नहीं बच सकता। हमारे सच्चे दोस्त वे होते हैं, जो हमें खुश करते हैं, हमारी जीत से प्रसन्न होते हैं। झूठे दोस्त प्रायः मुश्किल समय में अपने उदास, मददगार चेहरे के साथ सामने आते हैं। वास्तव में, हमारी पीड़ा उन्हें उनकी अपनी दयनीय स्थिति में सांत्वना देने का काम कर रही होती है। कुछ लोग खुश दिखाई देते हैं, लेकिन वे इस पर कभी गहन विचार नहीं करते। दूसरे लोग आपको योजनाएं बनाते मिलेंगे- मुझे शादी करनी है, एक घर बनाना है, दो बच्चे पैदा करने हैं। जब तक वे यह सब करने में व्यस्त होते हैं, तब तक अपनी स्वाभाविक बुद्धि से कार्य करते रहते हैं। वे यह नहीं जानते कि लक्ष्य कहां है? उन्हें उनकी कार मिल जाती है, कभी-कभी फेरारी भी मिल जाती है और वे सोचते हैं कि यही जीवन का अर्थ है, वे कभी इस पर सवाल नहीं उठाते। उनकी आंखें उनकी अंतरात्मा से छल करती रहती है, क्योंकि वह एक उदासी को ढो रही होती है और उस उदासी को एक सवाल अभिव्यंजित करता है- क्या तुम वाकई खुश हो?

" अनुभवी प्रधानमंत्री मोदी 70 साल के हैं, तो उनकी सरकार में 14 मंत्रियों की उम्र 50 साल से कम है। कुल 36 मंत्री 60 साल से कम उम्र के हैं। सरकार में शामिल कूच बिहार के नीतीश प्रामाणिक तो सिर्फ35 साल के हैं। मौटे तौर पर मोदी और भाजपा ने 75 साल की उम्र सीमा सक्रिय राजनीति के लिए तय कर दी है, जिसकी वजह से कई मंत्रियों को सरकार से बाहर होना पड़ा है। बात सिर्फ केंद्र की राजनीति की ही नहीं है।

विजय त्रिवेदी, वरिष्ठ पत्रकार

# कहीं युवा तो कहीं अनुभव का जोर

कहा जाता है कि दुनिया बदलनी हो, तो नौजवानों पर भरोसा करना चाहिए और नौजवान अगर बुजुर्गों के अनुभव को अपने साथ जोड़ लें, तो फिर बेहतरी का रास्ता निश्चित हो जाता है, लेकिन ये दोनों ही शर्तें पूरी होना आसान नहीं है। अव्वल तो समाज में युवाओं पर भरोसा करना और उन्हें नेतृत्व का मौका देना और जब युवाओं को नेतृत्व मिल जाए, तो बुजुर्गों को भी अपने साथ जोड़कर रखना आसान नहीं है। वैसे यह हिन्दुस्तानी समाज की ताकत और सच्चाई भी रही है, जब संयुक्त परिवारों में एक साथ तीन-तीन पीढ़ियां चला करती थीं, तब उनकी ताकत उनके व्यापार, उद्योग-धंधों और परिवारों को भी आगे ले जाने में मददगार होती थी।

इस सप्ताह दो महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाएं हुई हैं, उधर, ब्रिटेन में 42 साल के ऋषि सुनक प्रधानमंत्री चुने गए, तो इधर, भारत में देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस के 137 साल के इतिहास में मल्लिकार्जुन खड़गे छठे निर्वाचित अध्यक्ष चुने गए। 80 साल के खड़गे ने चुने जाने के बाद सबसे पहले कांग्रेस में जवां खून को शामिल करने का ऐलान किया और कहा कि पचास फीसदी हिस्सेदारी युवाओं की रहेगी। आलोचक कह सकते हैं कि 80 साल के बुजुर्ग खड़गे कांग्रेस में क्या नया जोश भर पाएंगे, लेकिन यह भी सच है कि पचास फीसदी युवाओं को अगर जगह मिली, तो यह बदलाव कांग्रेस पार्टी और राजनीति के लिए बेहतर साबित हो सकता है। सवाल तो यह भी किया जा सकता है कि जब राहुल गांधी साल 2004 में सांसद बनकर राजनीति में सक्रिय हुए थे, लेकिन उन्होंने पार्टी को चुनावी राजनीति के तौर पर तो निराश ही किया और उनके कार्यकाल में



पार्टी लोकसभा और विधानसभाओं के करीब पचास चुनावों में से चालीस हार गई। उनके पिता राजीव गांधी के जमाने में 415 सांसदों वाली पार्टी का आंकड़ा 54 तक पहुंच गया। राजीव गांधी भी करीब इसी उम्र में प्रधानमंत्री बन गए थे, मगर राहुल गांधी के समर्थकों की इस बात को खारिज नहीं किया जा सकता कि उन्होंने हिन्दुस्तान में एक नई तरह की राजनीति की शुरुआत की। कांग्रेस की युवा इकाइयों – युवा कांग्रेस और एनएसयूआई में लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए संगठन चुनाव राहुल गांधी ने ही करवाए और आज 25 साल बाद कांग्रेस में गैर-गांधी परिवार का अध्यक्ष बना है, तो उसका एक बड़ा कारण राहुल गांधी की जिद ही है, जिन्होंने तय किया कि न तो वह खुद दोबारा अध्यक्ष बनेंगे और न ही गांधी परिवार के किसी सदस्य को अध्यक्ष बनने देंगे। दुनिया के युवा देशों में से एक हिन्दुस्तान की कुल आबादी में पचास फीसदी 25 साल से कम उम्र वाले हैं और 35 साल से कम उम्र वाले करीब 65 फीसदी हैं। साल 2020 में एक भारतीय की औसत उम्र 29 साल थी, जबकि चीन में यह 37 साल और जापान में 48 साल। साल 2019 के लोकसभा चुनावों में करीब 8 करोड़ बीस लाख वोटर ऐसे थे, जिन्होंने पहली बार वोट के अधिकार का इस्तेमाल किया था और शायद इसी का नतीजा रहा कि मौजूदा लोकसभा में 64 सांसदों की उम्र 40 साल से कम है और 41 से 55 साल के उम्र के 221 सांसद चुने गए यानी हिन्दुस्तान के वोटर ने अपने नौजवान नेताओं पर भी उतना ही भरोसा जताया, जितना अनुभवी नेताओं पर। इसका असर केंद्र सरकार और मौजूदा भारतीय राजनीति पर भी साफ-साफ दिखाई देता है, जहां मोदी सरकार में युवा और अनुभवी, दोनों का बेहतर योग है। अनुभवी प्रधानमंत्री मोदी 70 साल के हैं, तो उनकी सरकार में 14 मंत्रियों की उम्र 50 साल से कम है। कुल 36 मंत्री 60 साल से कम उम्र के हैं। सरकार में शामिल कूच बिहार के नीतीश प्रामाणिक तो सिर्फ 35 साल के हैं। मौटे तौर पर मोदी और भाजपा ने 75 साल की उम्र सीमा सक्रिय राजनीति के लिए तय कर दी है, जिसकी वजह से कई मंत्रियों को सरकार से बाहर होना पड़ा है। बात सिर्फ केंद्र की राजनीति की ही नहीं है। कई राज्यों में सरकार की बागडोर युवा चेहरों के हाथ में है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 50 साल के तो पंजाब सूबे की जिम्मेदारी संभालने वाले भगवंत मान 48 साल के हैं। अरविंद केजरीवाल जब पहली बार मुख्यमंत्री बने थे, तब उनकी उम्र 45 साल थी। अखिलेश यादव 2009 में सिर्फ 38 की उम्र में मुख्यमंत्री बन गए थे।

देश में सबसे कम उम्र का मुख्यमंत्री बनने का रिकॉर्ड तो 1967 में ही पुडुचेरी में एम ओ एच फारुक ने तोड़ दिया था, जब उन्होंने 29 साल की उम्र में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। झारखंड में जब शिबू सोरेन ने अपने बेटे हेमंत सोरेन को 2013 में झारखंड मुक्ति मोर्चा की जिम्मेदारी सौंपी, तब हेमंत सोरेन की उम्र 28 साल थी। असम में 1985 में असम गण परिषद के प्रफुल्ल कुमार महंत 34 साल की उम्र में मुख्यमंत्री बने। आज के दिग्गज एनसीपी नेता शरद पवार 1978 में 38 साल की उम्र में पहली बार मुख्यमंत्री बने। प्रकाश सिंह बादल 1970 में 43 साल की उम्र में पहली बार मुख्यमंत्री बने थे। उमर अब्दुल्ला 2009 में 38 की उम्र में मुख्यमंत्री बने। देश में पचास साल से कम उम्र के छह मुख्यमंत्रियों में से चार भाजपा से हैं। भाजपा ने कई बुजुर्ग नेताओं को मार्गदर्शक मंडल में ही भेज दिया, लेकिन कांग्रेस अब भी उनके साथ चल रही है और यहां कम्युनिस्ट पार्टी की हालत भी कमोबेश चीन जैसी ही है, चीन में बुजुर्ग नेताओं का वर्चस्व कायम है। यहां मसला सिर्फ नौजवानों के हाथों में सत्ता सौंपने या सिर्फ बुजुर्गों पर भरोसा करने का नहीं है। बुजुर्गों के अनुभव और युवाओं की ऊर्जा दोनों के तालमेल से बेहतर नतीजों की उम्मीद की जा सकती है। अक्सर देखा जाता है कि हम एक तरफ ही झुकने लगते हैं, जिससे नुकसान की आशंका बनी रहती है। समझने की जरूरत है कि बुजुर्गों और युवा पीढ़ी के बीच न तो कोई मुकाबला है और न ही दुश्मनी। दोनों साथ मिल जाएं, तो उनकी ताकत एक से एक जोड़कर ग्यारह हो जाती है, शायद यह बात कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने बेहतर समझ ली है, इस रास्ते पर सब लोग आगे बढ़ें, तो भारत मजबूत भी होगा और तेजी से आगे बढ़ेगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

अनुराग बेहर, सीईओ, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन

# शुरुआती शिक्षा सुधर जाए तो कायाकल्प हो जाएगा

बीस अक्तूबर 2022 को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क फॉर फाउंडेशनल स्टेज (एनसीएफ-एफएस) जारी कर दिया। यह राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के सबसे महत्वपूर्ण आयामों में से एक है और हमारे बच्चों की शिक्षा व उनके समग्र कल्याण पर इसका गहरा प्रभाव पड़ने की संभावना है। यह बुनियादी पाठ्यचर्या क्या है और महत्वपूर्ण क्यों है?

नई शिक्षा नीति हमारी स्कूली शिक्षा व्यवस्था को फिर से तैयार कर रही है। इसके तहत 4-चरण (5+3+3+4) वाली पाठ्यचर्या और शैक्षणिक संरचना बनाई गई है। 5 का मतलब है शिक्षा के शुरुआती पांच वर्ष, मतलब तीन से आठ वर्ष की आयु तक की शिक्षा। इसे मूलभूत चरण कहा जाता है। इसके बाद आठ से 11 (प्रारंभिक चरण), 11 से 14 (मध्य चरण) और 14 से 18 (माध्यमिक चरण) का प्रावधान है। ये चार चरण स्कूली शिक्षा को खड़ा करते हैं, बच्चों का शारीरिक-मानसिक, सामाजिक व भावनात्मक विकास करते हैं। सरल शब्दों में कहें, तो बच्चे जैसे-जैसे बड़े होते हैं, यह देखना जरूरी होता है कि वे क्या सीख सकते हैं, किस चरण में सबसे अच्छे तरीके से क्या सिखाया जा सकता है? 4-चरण की शिक्षा संरचना वैज्ञानिक समझ पर आधारित है। इनमें नींव के चरण का खास महत्व है। यह चरण बच्चे के जीवन के पहले आठ वर्षों के गहरे और दीर्घकालिक प्रभावों से प्रेरित होता है। शोध से पता चला है कि जीवन के ये वर्ष व्यक्ति के समग्र विकास में सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। इन वर्षों में दिमा का विकास सबसे तेजी से होता है। तंत्रिका विज्ञान अनुसंधान बताता है कि किसी व्यक्ति के मस्तिष्क का 85 प्रतिशत से अधिक विकास छह वर्ष की आयु तक हो जाता है। इसलिए 'अर्ली चाइल्डहुड केयर ऐंड एजुकेशन' (ईसीसीई) का सभी



समाजों में केंद्रीय महत्व है। नई शिक्षा नीति हमारे सभी बच्चों को उच्च गुणवत्ता, न्यायसंगत ईसीसीई प्रदान करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण तंत्रों में से एक है। तीन वर्ष की आयु तक के बच्चों की देखभाल ज्यादातर घर पर ही की जाती है; वैसे, संस्थागत शैक्षणिक समावेश तीन साल की उम्र से शुरू होता है। मतलब बच्चे समूह में पढ़ना शुरू करते हैं। इसमें प्री-स्कूल, किंडरगार्टन, नर्सरी, आंगनबाड़ी आदि शामिल हैं। एक राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा देश भर में प्रासंगिक व प्रभावी पाठ्यक्रम के विकास का मार्गदर्शन तो करती ही है, जरूरी सामंजस्य को भी साकार करती है। गौर कीजिए, तीन से आठ वर्ष की आयु के बच्चों के लिए एकीकृत पाठ्यक्रम ढांचा हमें विकास के सभी पक्षों, यानी शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक-नैतिक व भाषा के साथ-साथ सांस्कृतिक पहलुओं को भी अधिक प्रभावी ढंग से संबोधित करने में सक्षम करेगा।

दूसरा, एनसीएफ-एफएस में अनुशंसित शैक्षणिक दृष्टिकोण गतिविधि व खेल आधारित है। इसमें वार्तालाप, कहानियां, गीत, तुकबंदी, संगीत, कला, शिल्प, इनडोर व आउटडोर खेल, क्षेत्रों की यात्राएं, प्रकृति के बीच रहना, खिलौनों व अन्य चीजों के साथ खेलना शामिल है। तीसरा, यह पाठ्यचर्या बच्चे के संदर्भ में शिक्षण और सीखने की जरूरत पर बल देती है। इसमें बच्चे की घरेलू भाषा का उपयोग, स्थानीय व पारंपरिक कहानियां, तुकबंदी, गीत, सामग्री और खेल जैसी सामग्री का उपयोग शामिल है। चौथा, आधारभूत चरण में मूल्यांकन भी जरूरी है, ताकि बच्चों को समर्थवान बनाया जाए। इस चरण में शिल्प, परियोजना का विश्लेषण जरूरी है, ताकि बच्चों का सही विकास किया जा सके। पांचवां, यह एक सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण पर केंद्रित है, जो इसे पूरा करने के लिए जरूरी है। इसमें शिक्षकों को सशक्त बनाना और एक सहायक शैक्षणिक, प्रशासनिक सहायता व्यवस्था को सक्रिय व सक्षम बनाना शामिल है। यह प्रत्येक संस्थान में पर्याप्त बुनियादी ढांचे और सीखने के तमाम संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की जरूरत पर भी बल देता है।

अंत में, बुनियादी पाठ्यचर्या शिक्षकों को भी संबोधित है। यह विविध संदर्भों से वास्तविक जीवन के उदाहरणों के साथ कक्षा में कराए जाने वाले अभ्यासों पर केंद्रित है। यह शिक्षकों को यथार्थवादी मार्ग प्रदान करता है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

अजय दीक्षित

# हिजाब पर एक मत नहीं

हमारा एक ही देश है। एक संविधान है । सभी के लिए एक ही कानून है। अदालत की व्यवस्था भी समान है, लेकिन दो सुप्रीम न्यायाधीशों के एक ही विषय पर फैसला अलग बंटे हुए हैं। यह हैरानी की बात नहीं है, न्यायिक अनिश्चितता की स्थिति है। न्यायाधीशों की बंटी राय के आधार कानून की अलग-अलग व्याख्या न्यायाधीशों के विवेक और विशेषाधिकार हो सकते हैं। इसी बहस के दौरान मुद्दा सामने आया कि अदालतों को धार्मिक गुत्थियों की व्याख्या नहीं करनी चाहिए। अदालतों को धर्मनिरपेक्ष करार दिया गया है, लिहाजा के धर्म के किसी एक पक्ष पर अपना अभिमत नहीं दे सकतीं। अयोध्या विवाद के दौरान भी यह मुद्दा उभरा था। यदि किसी जगह संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन किया जाता है, तो अदालत का हस्तक्षेप स्वाभाविक है। आखिर यह कौन तय करेगा कि अमुक धार्मिक मुद्दे पर अदालत मामले की सुनवाई से ही इंकार कर दे अथवा मामले की न्यायिक समीक्षा की जाए ? सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ ने राम मन्दिर पर भी फैसला सुनाया था और तीन तलाक पर भी न्यायिक व्याख्या की थी । दोनों पर कानूनन फैसले दिये जा चुके हैं, जो लागू भी हैं । अब हिजाब का मुद्दा किन धार्मिक मूल्यों और रीति-रिवाजों का उल्लंघन कर रहा है, जो यह बहस उभरी है कि अदालतें धार्मिक विषयों की सुनवाई और व्याख्यान करें। धार्मिक विवादों की सुनवाई किन अदालतों में होगी ? आखिर विवादों का निपटारा तो कानूनन ही करना पड़ेगा, तो कानून की सम्यक व्याख्या कौन करेगा? मुस्लिम सांसद, नेता, मौलाना मुफ्ती ऐसे भी हैं, जिन्होंने कहा है कि हिजाब सरीखे मज़हबी और इस्लामी मामलों में अदालतें हस्तक्षेप न करें। उनके लिए कुरान और पैगम्बर के फरमान अन्तिम हैं और वे उन्हीं का पालन करेंगे । सवाल यह भी है कि क्या ऐसे मामलों की सुनवाई सरिया अदालतें करेंगी ? क्या उन्हें भी संवैधानिक वैधता दी जायेगी? बहरहाल कुरान में लिवास और हिजाब को लेकर कोई फरमान नहीं है। सिर्फ गरिमा का उल्लेख किया गया है, जो औरतों और मर्दों दोनों पर लागू होता है। ऐसा केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां सरीखे इस्लामी स्कॉलर समेत कई मुस्लिम विद्वानों ने कहा है। हम तो कुरान और इस्लाम के अध्येता भी नहीं हैं, लिहाजा हमारा कथन अतिक्रमण होगा अब सांसद ओवैसी या सपा सांसद शफीकुर्रहमान बर्क ने कुरान और इस्लाम की जो व्याख्याएं दी हैं, उन्हें ब्रह्म वाक्य नहीं माना जा सकता। ये किन आयतों के उद्धरण दे रहे हैं या गैर-हिजाब वाली रवायत को आवारगी करार दे रहे हैं, उन पर भी ढेरों असहमतियां हैं। कर्नाटक के सन्दर्भ में ही छात्राओं और महिलाओं का एक तबका हिजाब को कुरान का हुक्म मानता है, जबकि दूसरा तबका बुर्के, हिजाब, चादर आदि परम्परागत मज़हबी परिधानों के धुर खिलाफ है । ईरान एक इस्लामी देश है और वहां बुर्का या हिजाब पहनना कानूनन एक व्यवस्था है। उल्लंघन करने वाले को जेल में डालना तय है। फिर भी वहां व्यापक तौर पर हिजाब के प्रति जन विद्रोह भड़क उठा है। पुलिस की गोलीबारी में 210 से ज्यादा औरतें और अन्य लोग मारे जा चुके हैं और 2000 से अधिक आन्दोलनकारी जेलों में हैं। बहरहाल हिजाब पर कर्नाटक उच्च न्यायालय ने जिस पाबंदी को उचित माना था, उसके पक्षधर जस्टिस हेमंत गुप्ता हैं, जबकि जस्टिस सुधांशु धूलिया ने उस फैसले को रद्द करने का फैसला दिया है। दोनों न्यायाधीशों ने संविधान के अनुच्छेद 14, 19 (1) (ए), 21 और 25 के तहत अपने अपने न्यायिक विवेक की व्याख्या की है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेः- 9827806026, 7869620239

ओम क्रियेशन कार्ड्स
• फैंसी एनवेलोप्स • वेडिंग कार्ड • कैलेंडर
आकर्षक, मनमोहक, फैंसी
शादी कार्ड
रायपुर से कम दाम में
शॉप नं. 9301816830, मो.-9301182010
पचरी पारा, कुआ चौक, बस स्टैण्ड रोड, दुर्ग

ओम यूनिफॉर्म
स्कूल यूनिफॉर्म एंड जनरल ऑर्डर सप्लायर्स
रवि अग्रवाल-9302834646
इंदिरा मार्केट, फरिश्ता कॉम्प्लेक्स के पास, दुर्ग

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

Surana Jewellers
Certified Gems
Mo. 9303452485
Jawahar Chowk, Durg

कोठारी ज्वेलर्स
सोने-चांदी के आभूषणों के विक्रेता एवं निर्माता
जवाहर चौक, दुर्ग 491001
0788-2249990
94252-42323 नितिन
98261-29990 पवन
93029- 29990

महक सेनीटेशन
आपके शहर में सेनेटरी का भव्य शोरूम
सी पी फिटिंग व सेनेटरी की भव्य रेंज किफायती दरों में
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
अनिल गुप्ता मो. 9300280144
शाप नं. 102, 103, किशोर प्लाजा, ग्रीन चौक दुर्ग (छ.ग.)
अनिल गुप्ता, मो. 9300280144






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## मुख्यमंत्री की घोषणा पर अमलः विशेष पिछड़ी जनजाति के 80 युवाओं को मिली नौकरी

### विशेष पिछड़ी जनजाति के बैगा युवाओं ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और मंत्री मोहम्मद अकबर के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप प्रदेश के कबीरधाम जिले में बैगा जनजाति के 80 शिक्षित युवाओं को शिक्षा, राजस्व, सहायक शिक्षक, पशुपालन विभाग में परिचारक, भृत्य के पदों पर नियुक्ति प्रदान की गई है। जिला कार्यालय कबीरधाम के सभाकक्ष में वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने 80 विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा युवाओं को नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े हुए विशेष पिछड़ी जनजातियों को सामाजिक उत्थान की दिशा में इन वर्ग के पढ़े लिखे युवक-युवतियों को चतुर्थ एवं तृतीय वर्ग शासकीय नौकरी में सीधी भर्ती दी जा रही है। विशेष पिछड़ी जनजाति के शिक्षित युवाओं को योग्यतानुसार शासकीय नौकरी देने की मुख्यमंत्री की घोषणा पर अमल करते हुए कबीरधाम जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति के 80 बैगा युवाओं को शासकीय सेवा में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्त किया गया है।

छत्तीसगढ़ सरकार जो कहती है उसे पूरा भी करती है। प्रदेश में निवासरत अति पिछड़ी जनजाति वर्ग के शिक्षित युवक-युवतियों को शिक्षा और विकास के मुख्य धारा में लाने सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। छत्तीसगढ़ सरकार ने इस वर्ग के युवक-युवतियां को रोजगार देकर उन्हे मुख्यधारा में लाने की शुरूआत कर दी है।

कबीरधाम जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा के 80 युवा शासकीय नौकरी मिलने पर काफी खुश है। चेहरों पर मुस्कान लिए खुशी का इजहार करने इन बैगा युवाओं ने आज जिला कलेक्टोरट पहुंचकर नियुक्ति पत्र प्राप्त किया। इस अवसर पर बैगा युवाओं ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर और जिला प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान इन युवाओं ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति के हित में लगातार कार्य किया जा रहा है, जो सराहनीय है। मुख्यमंत्री श्री बघेल के द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति के शिक्षित युवाओं को योग्यतानुसार शासकीय नौकरी प्रदान करने का जो निर्णय लिया गया है और उनके इस निर्णय की वजह से हमें शासकीय सेवा में आने का अवसर मिला। इसके लिए हम उनके हृदय से आभारी हैं।

स्वस्थ जीवन शैली और उच्च रक्तचाप को नियंत्रित कर स्ट्रोक से बच सकते है

## तनाव से रहे दूर छोटी-छोटी बातों में तलाशें खुशी-डॉ. गुप्ता

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। स्ट्रोक मस्तिष्क घात के नाम से भी जाना जाता है। विश्व स्ट्रोक दिवस हर वर्ष 29 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों को स्ट्रोक (मस्तिष्क घात) से होने वाले खतरों के प्रति आगाह करने के साथ साथ उनको इससे बचाव के उपाय भी सुझाना है। विश्व स्ट्रोक संगठन के अनुसार स्ट्रोक का खतरा हर चार व्यक्तियों में से एक को होता है। इसलिए इस बार की थीम रखी गयी है।

इस बारे में सिविल सर्जन डॉ. पीके गुप्ता ने बताया: भाग दौड़ की ज़िंदगी में लोग काफी मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं । ऐसे में उनको स्ट्रोक होने का जोखिम और अधिक है । इसलिए स्ट्रोक के प्रति अधिक सतर्कता बरतने की आवश्यकता है । तनाव से दूर रहे और जीवन में छोटी छोटी बातों में खुशियां तलाशे । कम से कम आधे से अधिक स्ट्रोक्स को लोगों में पर्याप्त जागरूकता पैदा कर रोका जा सकता है । इसके लिए किसी भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में आप नियमित जांच करवा सकते हैं। आगे उन्होंने कहा: 29 अक्टूबर को विश्व स्ट्रोक दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय पंडरी में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा । इस दौरान सभी लोगों को बैंगनी रिबन लगाकर सेलिब्रेट करने के लिए कहा गया है। वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया: ' ' विश्व स्ट्रोक दिवस के अवसर पर जिला एवं विकासखंड स्तर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा ।

इन शिविरों में स्ट्रोक रोग संबंधी जांच अनिवार्य रूप से होगी। शिविर में प्राइवेट सेक्टर के स्ट्रोक रोग नियंत्रण एवं रोकथाम के लिये न्यूरोलॉजिस्ट एवं न्यूरो सर्जन विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है। वहीं जागरूकता के लिए होर्डिंग, रेलवे स्टेशन बस स्टॉप पर लोगों के बीच जागरूकता लाने के लिये ब्रोशर पम्पलेट भी बाटे जायेंगे।

### क्या है स्ट्रोक?

जब रक्त वाहिका नलिकायें किसी रुकावट या रिसाव के कारण मस्तिष्क को रक्त की आपूर्ति नहीं कर पाती हैं तो ऐसी स्थिति को स्ट्रोक कहते है। इसको मस्तिष्क आघात के नाम से भी जाना जाता है। स्ट्रोक्स के लक्षणों को ब्व्स्ञ रणनीति के माध्यम से आसानी से पहचाना जा सकता है। किसी व्यक्ति के मुस्कुराने पर उसका चेहरा एक तरफ लटक रहा है तो उसे स्ट्रोक का खतरा हो सकता है। किसी व्यक्ति द्वारा दोनों हाथों को उठाने पर एक हाथ का न उठ पाना या गिर जाना। यदि किसी व्यक्ति द्वारा साधारण शब्द बोलने पर उसकी आवाज में लडखड़ाहट होना। यदि आपको उपरोक्त में से कोई भी लक्षण है तो एम्बुलेंस के लिए आपातकालीन नंबर पर कॉल करें। कैसे बचा जा सकता है स्ट्रोक से। उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करके- स्ट्रोक्स के लगभग आधे से ज़्यादा मामले उच्च रक्तचाप से जुड़ें होते हैं।

## खास खबर

### बस्तर में ठंड का अहसास होने लगा, अगले महीने से बढ़ेगी ठंड

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग में शहर समेत समूचे ग्रामीण इलाके में ठंड का अहसास होने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून की विदाई के साथ ही ठंडी हवा की आमद शुरू हो चुकी है, बस्तर में इसका असर फिलहाल कम है। जगदलपुर शहर का न्यूनतम तापमान 17 डिग्री के करीब चल रहा है। सुबह के वक्त जहां शहर में कोहरे की चादर दिख रही है तो वहीं शाम के बाद गुलाबी ठंड का एहसास होने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार अक्टूबर के बाद नवंबर के पहले सप्ताह से बस्तर में ठंड बढने लगेगी। नवंबर महीने में तापमान 10 डिग्री के आस-पास पहुंच जाएगा। इसके बाद उत्तरी हवाओं के प्रभाव के चलते दिसंबर में तापमान 10 डिग्री से नीचे भी जा सकता है।

### 29वीं वाहिनी आटीबीपी ने सिविक एक्शन कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**नारायणपुर।** जिला में तैनात 29वी वाहिनी भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल के उप-सेनानी बेगराज मीणा के नेतृत्व में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके तहत ग्राम चांदगाव, तेरदूल, टिमनार, सिवनी और रेमावन्ड के ग्राम वासियों को बर्तन वितरण किया गया। इस दौरान कुल 250 ग्रामवासी लाभान्वित हुए। सामान वितरण के उपरान्त बेगराज मीणा (उप-सेनानी) द्वारा सभी ग्रामवासियों को बच्चों की पढ़ाई, फौज में भर्ती एवं विभिन्न सरकारी नौकारी में आवेदन करने हेतु प्रेरित किया गया। भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल 29वी वाहिनी विगत वर्षो से जिला नारायणपुर में नक्सल उन्मूलन अभियान में तैनात है। तथा बल के द्वारा प्रत्येक वर्ष सिविक एक्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन 1 से 3 नवंबर तक

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में आदिवासी संस्कृति एवं सभ्यता को मिल रही है अंतर्राष्ट्रीय पहचान

**सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों सहित 09 देशों के 1500 आदिवासी कलाकार देंगे मनमोहक प्रस्तुति**

**दो कैटेगिरी में प्रतियोगिताएं होंगी आयोजित**

**विजेताओं को कुल 20 लाख रुपए के पुरस्कारों का किया जाएगा वितरण**




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य का 44 प्रतिशत भू-भाग वनों से आच्छादित है। 42 तरह की जनजातियां प्रदेश में निवास करती हैं। इन सभी जनजातियों के अपने-अपने तीज-त्यौहार हैं, अपनी-अपनी संस्कृति है, अपनी-अपनी कला परंपराएं हैं। इन्हीं सबसे मिलकर छत्तीसगढ़ राज्य की सुंदर संस्कृति और परंपराओं का निर्माण होता है। छत्तीसगढ़ में जनजातियों की जनसंख्या कुल जनसंख्या का 31 प्रतिशत है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की आदिवासी संस्कृति एवं सभ्यता को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है।

इसी कड़ी में राज्य में तीसरी बार आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री बघेल की पहल पर इंटरनेशनल ट्राइबल डांस फेस्टिवल के रूप में एक बहुत महत्वपूर्ण परंपरा की शुरुआत छत्तीसगढ़ में की गई है। यह प्रयास न केवल छत्तीसगढ़ के लिए, बल्कि देश और पूरी दुनिया के जन-जातीय समुदायों के आपसी मेलजोल, कला-संस्कृतियों के आदान-प्रदान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध साबित हो रहा है। इस आयोजन में भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के जनजातीय कलाकारों की टीमों के साथ-साथ 09 देशों के जनजातीय कलाकारों की टीमें भी शामिल हो रही हैं। इस वर्ष यह आयोजन 01 नवंबर से शुरू हो रहा है। यह छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की तारीख भी है। रायपुर में राष्ट्रीय जनजातीय नृत्य महोत्सव का आयोजन तीन दिनों तक किया जाएगा। इस आयोजन मी 1500 जनजातीय कलाकार शामिल होंगे। इनमें से 1400 कलाकार भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के हैं, और 100 कलाकार विदेशों के होंगे। अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का यह तीसरा आयोजन है। पिछले वर्ष इस आयोजन में 12 देशों ने रुचि ली थी, जिनमें से 07 ने इसमें हिस्सा लिया था। इस साल 26 देशों ने रुचि प्रदर्शित की है, इनमें से 09 देश इस महोत्सव में शामिल होने जा रहे हैं। इस आयोजन में मोजांबिक, मंगोलिया, टोंगो, रशिया, इंडोनेशिया, मालदीव, सर्बिया, न्यूजीलैंड और इजिप्ट के जनजातीय कलाकार हिस्सा लेंगे। इंटरनेशनल ट्राइबल डांस फेस्टिवल में दो कैटेगिरी में प्रतियोगिताएं होंगी।

विजेताओं को कुल 20 लाख रुपए के पुरस्कारों का वितरण किया जाएगा। प्रथम स्थान के लिए 05 लाख रुपए, द्वितीय स्थान के लिए 03 लाख रुपए और तृतीय स्थान के लिए 02 लाख रुपए के पुरस्कार दिए जाएंगे। 01 नवंबर को सुबह नृत्य महोत्सव का शुभारंभ होगा और शाम को राज्योत्सव के अवसर पर राज्य अलंकरण दिया जाएगा। 03 नवंबर को नेशनल ट्राइबल डांस फेस्टिवल का समापन होगा। इस महोत्सव के माध्यम से न केवल राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जनजातीय कलाकारों के बीच उनकी कलाओं की साझेदारी होगी, बल्कि वे एक-दूसरे के खान-पान, रीति-रिवाज, शिल्प-शैली को भी देख-समझ सकेंगे। महोत्सव के दौरान संगोष्ठियां भी होंगी, जिनमें जनजातीय विकास के बारे में विमर्श होगा।

## रायपुर पुलिस ने भिक्षावृत्ति में लगे 40 से अधिक लोगों को भेजा आश्रय स्थल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर पुलिस द्वारा विशेष पहल के माध्यम से भिक्षावृत्ति में लगे 40 से अधिक लोगों को ' 'आश्रय स्थल भेजा गया है। पुलिस द्वारा बहुत लम्बे समय से दीगर राज्य व राज्य के विभिन्न जिलों से राजधानी आकर भीख मांगने वाले भिक्षुको को मोवा, पण्डरी स्थित आश्रय स्थल में कराया गया दाखिल।

विगत कुछ दिनों से रायपुर के मुख्य मार्गों, चौक-चौराहों, गार्डन, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं खासकर यातायात सिग्नल के पास वाहनों के रूकने के दौरान छोटे-छोटे बच्चों, महिलाओं एवं वृद्धों के द्वारा भीख मांगते हुए देखा जा रहा था, जिससे उनके एवं अन्य राहगीरों के साथ किसी प्रकार की घटना/दुर्घटना होने की प्रबल संभावना बनी हुई थी।

भिक्षावृत्ति में लगे बच्चों, महिलाओं एवं वृद्धों की अधिक संख्या को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा उक्त तथ्य को गंभीरता पूर्वक लेते हुये रायपुर पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को उनके संबंधित क्षेत्रों के मुख्य मार्गों, चौक-चौराहों, गार्डन, सार्वजनिक स्थलों व यातायात सिग्नलों में भिक्षा मांग रहे भिक्षुकों को पण्डरी, मोवा स्थित भिक्षुक आश्रय स्थल में दाखिल कराने हेतु निर्देशित किया गया। जिस तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आई.यू.सी.ए.डब्ल्यू मती चंचल तिवारी तथा उप पुलिस अधीक्षक अपराध दिनेश सिन्हा के पर्यवेक्षण में 26 व 27 अक्टूबर को संबंधित थानों के थाना प्रभारियों एवं अन्य थाना स्टॉफ एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा आई.यू.सी.ए.डब्ल्यू स्टॉफ की संयुक्त टीम द्वारा इस दिशा में विशेष अभियान चलाते हुए रायपुर में दीगर राज्यों व राज्य के विभिन्न जिलों व शहरों जैसे गरियाबंद, बलौदाबाजार, महासमुंद, जांजगीर-चांपा, राजनांदगांव, बेमेतरा, राजिम, शिवरीनारायण आदि जगहों से आये लगभग 40 से अधिक भिक्षावृत्ति में लगे लोगों को रायपुर के पण्डरी, मोवा स्थित आश्रय स्थल में दाखिल कराकर उनके आश्रय व देखभाल की उचित व्यवस्था उपलब्ध कराया गया। इसके साथ ही पुलिस अधिकारियों द्वारा भीख मांगने वाले छोटे-छोटे बच्चों के माता-पिता व परिजनों की पहचान कर बच्चों से भिक्षावृत्ति नहीं कराने हेतु समझाईश दिया गया तथा चैक-चैराहों खासकर यातायात सिग्नल्स में वाहनों के रूकने पर चलता फिरता सामान बेचने वालों को बीच सड़क पर सामान न बेचकर निर्धारित स्थान पर ही सामान बेचने की हिदायत दी गई।

## महापौर, आयुक्त, सभापति ने किया छठघाटों का निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। महापौर राजकिशोर प्रसाद, आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय एवं सभापति श्यामसुंदर सोनी ने आज नगर निगम कोरबा क्षेत्र के विभिन्न छठघाटों का दौरा कर वहॉं की आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होने छठघाटों में साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, छठघाटों पर पहुंच मार्ग, चेंजिज रूम एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था संबंधी कार्यो को तत्काल पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस मौके पर नगर पुलिस अधीक्षक हरिशचन्द ठाकुर तथा निगम के एम.आई.सी.सदस्यगण, पार्षदगण एवं पूर्वांचल विकास समितियों के सदस्यगण उपस्थित थे।



यहॉं उल्लेखनीय है कि सूर्य उपासना का महापर्व छठ 28 अक्टूबर को नहाए खाए के बाद प्रारंभ होगा, 29 अक्टूबर को खरना का आयोजन होगा, वहीं 30 को शाम के समय अस्त होते हुए सूर्य भगवान को अर्ध्य दिया जाएगा तथा 31 अक्टूबर को प्रातः अर्ध्य देने के पश्चात छठ पर्व की समाप्ति होगी। कोरबा शहर तथा उसके उपनगरीय क्षेत्रों में निवासरत हजारों नागरिक श्रद्धालु निगम क्षेत्र में स्थित विभिन्न छठ घाटों मेंब छठ पर्व की यह पूजा सम्पन्न करते हैं। महापौर राजकिशोर प्रसाद, आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय एवं सभापति श्यामसुंदर सोनी ने आज अधिकारियों की टीम के साथ निगम क्षेत्र के विभिन्न छठघाटों का दौरा किया, उन्होने ढेगुरनाला छठघाट, राममंदिर स्थित छठघाट, वार्ड क्र. 04 स्थित छठघाट, वार्ड क्र. 12 मुड़ादाई तालाब, मैगजीनभांठा स्थित छठघाट सहित अन्य छठघाटों का भ्रमण कर वहॉं की व्यवस्थाओं को देखा तथा घाटों में बेहतर साफ-सफाई व प्रकाश व्यवस्था संबंधी कार्यो को तत्काल पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने निर्देशित करते हुए कहा कि छठघाटों की निरंतर साफ-सफाई का कार्य जारी रहे, घाटों में प्लास्टिक अपशिष्ट व अन्य किसी भी प्रकार का कचरा न दिखे, इस हेतु सफाई का कार्य लगातार किया जाए। उन्होने घाटों में रात्रि के समय पर्याप्त रोशनी के मद्देनजर आवश्यक प्रकाश व्यवस्था किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। घाटों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता हेतु आवश्यकतानुसार पानी टैंकर आदि की व्यवस्था करने को भी कहा। भ्रमण के दौरान पार्षद व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, मेयर इन काउंसिल सदस्य पालूराम साहू, कृपाराम साहू, पूर्व पार्षद महेन्द्र सिंह चौहान, देवीदयाल सोनी, मनीष शर्मा, कार्यपालन अभियंता भूषण उरांव, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सुनील वर्मा, राकेश मसीह, प्रभात डडसेना, मुन्ना खान, संजय ठाकुर, सुरेन्द्र शर्मा, संतोष चौहान, सतीश केशरी, जितेन्द्र कुमार, आदि के साथ पूर्वांचल विकास समितियों के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने किया धान खरीदी की समीक्षा

**कांकेर।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज अधिकारियों की बैठक लेकर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के तैयारियों की समीक्षा किया। राज्य शासन द्वारा लिए गये निर्णय अनुसार जिले में 01 नवम्बर से धान की खरीदी शुरू होगी, जिले के 70 सहकारी समितियों में 137 धान खरीदी केन्द्र बनाये गये हैं तथा 95 हजार 424 किसानों द्वारा धान बेचने के लिए पंजीयन कराया गया है। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा करते हुए खरीदी केन्द्रों की साफ-सफाई, डनेज सिस्टम, बारदानों की व्यवस्था,ऑपरेटर की नियुक्ति, खरीदी केन्द्रों में छाया-पानी की व्यवस्था इत्यादि की समीक्षा करते हुए सभी तैयारी सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया।







## खास खबर

### शासकीय आईटीआई सड्डु में 28 एवं 29 अक्टूबर को अप्रेंटिसशीप मेला

**रायपुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सड्डु, विधानसभा रोड रायपुर में 28 व 29 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से अप्रेंटिसशीप मेला का आयोजन किया जा रहा है। सुजुकी मोटर गुजरात द्वारा 100 से अधिक अप्रेन्टिसशीप पद हेतु व्यवसाय फिटर, मोटर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, वेल्डर, टर्नर, विधुतकार, इलैक्ट्रानिक्स के आई.टी.आई. उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी मेले मे भाग ले सकते है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सड्डु के प्राचार्य ने बताया कि मेला का उद्देश्य स्थानीय रोजगार को प्रोत्साहित करना है। मेले में जिले के आई.टी.आई. उत्तीर्ण युवा भी भाग ले सकते है। अप्रेन्टिसशीप प्रशिक्षण हेतु इच्छुक उम्मीदवार समस्त दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एव समय में संस्था में उपस्थित हो सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु आई टी आई सड्डु, रायपुर मे कार्यालयीन समय पर संपर्क किया जा सकता है।

### कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के संविदा में कार्यरत नौ अधिकारी-कर्मचारी को किया बर्खास्त

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे द्वारा महिला बाल विकास विभाग जिला रायपुर अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई, नवा बिहान, सखी वन स्टॉप सेंटर, बाल गृह, बाल संप्रेषण गृह में संविदा में नियुक्त अधिकारी व कर्मचारियों पर संविदा नियम अंतर्गत सेवा से बर्खास्तगी की कार्यवाही की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री शैल ठाकुर ने बताया कि विभाग अधीन कार्यरत 9 अधिकारी-कर्मचारियों को खराब गोपनीय प्रतिवेदन ,कार्य पर नियमित रूप से अनुपस्थिति, पीड़ित पक्ष से दुर्वहार, महिला कर्मचारियों से दुर्वव्यहार की लंबे समय से शिकायत प्राप्त होने के आधार पर जिला स्तरीय चयन समिति के द्वारा अनुशंसा उपरांत कलेक्टर द्वारा सेवा बर्खास्त की कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा संविदा भर्ती नियम 2012 के उपबंधो द्वारा कार्य की उपयुक्तता का आकंलन पश्चात इनकी सेवाए 31 अक्टूबर 2022 से स्वत: समाप्त मानी जाएगी।

### छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर जिला मुख्यालयों में एक नवंबर को होगा एक दिवसीय कार्यक्रम

**रायपुर।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिला मुख्यालयों में एक नवंबर को एक दिवसीय कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश जारी कर दिए हैं।

जारी निर्देश में कहा गया है कि जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजन के संबंध में कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विकास विभाग की विभागीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जाए। विभिन्न विभागों में विशेष उपलब्धियों को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाए। कार्यक्रम स्थल पर राज्य शासन के विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल परियोजनाओं का प्रदर्शन किया जाए। विगत वर्षों की उपलब्धियों को भी प्रदर्शित किया जाए। जिला स्तर पर स्थानीय कलाकारों के द्वारा एक नवंबर को एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शालीन होना चाहिए। जिला मुख्यालयों के समस्त शासकीय विभागों में एक नवंबर को रात्रि को रोशनी की जाए। शासन के कल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियों को कार्यक्रम में लाभान्वित किया जाए।

### राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन 31 अक्टूबर को

**रायपुर।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर प्रति वर्ष 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है। सरदार वल्लभ भाई पटेल सर्वोच्च देशभक्ति, दृढ़ इच्छा शक्ति, दृढ़ विश्वास और साहस के लिए जाने जाते हैं। छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस आयोजन के संबंध में सभी जिला कलेक्टरों को आवश्यक कार्यवाही करने की निर्देश दिए हैं। जिला कलेक्टरों से कहा गया है कि राष्ट्रीय एकता दिवस आयोजन के संबंध में राष्ट्रीय कार्यान्वयन समिति द्वारा 31 अक्टूबर को प्रात: 7 बजे से 9 बजे के बीच पूरे भारत में 75000 यूनिटी रन आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

### छत्तीसगढ़ सरकार की गोधन न्याय योजना बनी नजीर

# राज्य में पशुपालन और जैविक खेती को मिल रहा बढ़ावा

### राज्य में पशुपालकों से अनवरत रूप से की जा रही है गोबर खरीदी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना देश-दुनिया के लिए नजीर बन गई है। देश के कृषि क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना को एक सफल और मजबूत योजना के रूप में सराहा जा रहा है। गांव-गांव में की जा रही गोबर खरीदी और जैविक खाद के सतत निर्माण एवं उपयोग से राज्य में जैविक खेती को बढ़ावा मिला है।

### ग्रामीणों को मिला रोजगार और अतिरिक्त आय का जरिया



गोधन न्याय योजना की शुरुआत जिन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए की गई थी, इस योजना ने उन सभी लक्ष्यों में बहुत कम समय में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की है। यह योजना गांवों में खुशहाली का सबब बन गई है। छत्तीसगढ़ का गौरव बन चुकी गोधन न्याय योजना की देशभर में सराहना हो रही है। पार्लियामेंट की स्थाई कृषि समिति ने छत्तीसगढ़ सरकार की इस योजना की तारीफ करने के साथ ही इसे पूरे देश में लागू करने की सिफारिश की है।

गोधन न्याय योजना के तहत बीते सवा दो सालों में 87.28 लाख क्विंटल गोबर की खरीदी पशुपालकों ग्रामीणों एवं किसानों से की गई है, जिससे जैविक खाद सहित अन्य सामग्री का निर्माण महिला स्व-सहायता समूह द्वारा गौठानों में अनवरत रूप से किया जा रहा है। गोबर खरीदी के एवज में अब तक 174.56 करोड़ रूपए का भुगतान गोबर विक्रेताओं को किया जा चुका है। क्रय किए गए गोबर से गौठानों में महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा लगभग 24 लाख क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट एवं सुपर कम्पोस्ट प्लस का निर्माण किया गया है। जिसमें से 20 लाख क्विंटल कम्पोस्ट खाद का उपयोग किसानों ने अपने खेतों में किया है। इससे राज्य में जैविक खेती को बढ़ावा मिला है।

छत्तीसगढ़ में गोधन न्याय योजना की शुरूआत 20 जुलाई 2020 को हरेली पर्व के दिन से हुई थी। इस योजना के तहत मार्च 2021 यानी 9 माह में 45.81 लाख क्विंटल गोबर की खरीदी हुई, जिसका उपयोग वर्मी कम्पोस्ट बनाने के लिए क्रमिक रूप से किया गया। वर्ष 2021-22 में 21.28 लाख क्विंटल गोबर की खरीदी राज्य में हुई। योजना के सत्त अनुश्रवण एवं विधिवत पोर्टल निर्माण एवं इंद्राज से पंजीकृत गोबर विक्रेताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। वर्ष 2020-21 में पंजीकृत विक्रेताओं की संख्या 2,45,831 से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 3,12,647 हुई तथा गोबर विक्रेताओं को सीधे लाभ पहुंचा है।

सत्त अनुश्रवण एवं गोबर विक्रेताओं की निगरानी से गोठानों में गोबर विक्रेताओं की संख्या वर्ष 2022-23 में बढ़कर 2,93,496 हो चुकी है एवं सत्त गोबर की खरीदी हो रही है। चालू वर्ष में प्रथम छह माह में 21.81 लाख क्विंटल गोबर की खरीदी हो चुकी है जिसकी मात्रा वर्षान्त तक दोगुना होने की उम्मीद है। गोधन न्याय मिशन से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि राज्य में गोबर की खरीदी पूरी पादर्शिता के साथ की जा रही है। क्रय किए गए गोबर के सुरक्षित रख-रखाव की भी व्यवस्था गौठानों में की गई है। प्रदेश के बीजापुर जिले में 2 हजार क्विंटल गोबर बह जाने की जानकारी मिली है। गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन की सतत मॉनिटरिंग किए जाने के साथ ही शिकायतों का तत्परता से निराकरण किया जा रहा है। बिलासपुर एवं धमतरी जिले में योजना से संबंधित शिकायत का निराकरण कर लिया गया है। दो बैल रखने वाले किसानों से 6400 क्विंटल गोबर बेचने, पडोसी इलाको से गोबर खरीदी एवं बिना गोबर खरीदी के लाखों रूपये का भुगतान का मामला तथ्यहीन है।

अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2020-21 में जिला-गरियाबंद में 1,14,603 क्विंटल गोबर खरीदी की गई तथा 77,147 क्विंटल गोबर का उपयोग खाद बनाने हेतु किया गया है। इसी प्रकार जिला-सूरजपुर एवं गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में क्रमश: 93,870 क्विंटल एवं 1,19,024 क्विंटल गोबर खरीदी की गई तथा 68,524 क्विं. एवं 46,384 क्विं. गोबर का उपयोग खाद बनाने हेतु किया गया है।

वर्मी कम्पोस्ट निर्माण एक सत्त प्रक्रिया है गोठानों में गोबर क्रय की मात्रा एवं कम्पोस्ट उत्पादन की मात्रा व रूपांतरण मौसम के आधार पर प्रभावित होता है। गोबर क्रय एवं कम्पोस्ट का उत्पादन गोठानों में निर्मित वर्मी टांका के आधार पर ही होता है।

सरगुजा जिले में अब तक 1,38,384 क्विंटल गोबर महिला स्व-सहायता समूहो को वर्मी खाद निर्माण हेतु उपलब्ध कराया गया है। जिससे 57,248 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण हो चुका है जो कि 41 प्रतिशत है। इसी प्रकार बस्तर जिले में 82,876 क्विंटल गोबर से 39,377 क्विंटल वर्मी तथा बीजापुर में 38,811 क्विंटल गोबर से 18468 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण कराया गया जो कि लगभग 48 प्रतिशत है।

#### गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को 356.14 करोड़ का भुगतान

गोधन न्याय योजना के तहत राज्य में अब तक गोबर विक्रेता पशुपालक किसानों सहित गौठान समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों को 356 करोड 14 लाख रूपए का भुगतान किया जा चुका है, जिसमें 18 करोड़ रूपए की बोनस राशि भी शामिल है। गोधन न्याय योजना के तहत छत्तीसगढ़ राज्य के गौठानों में 2 रूपए किलो की दर से गोबर की खरीदी की जा रही है। गौठानों में 15 अक्टूबर तक खरीदे गए 87.28 लाख क्विंटल गोबर के एवज में गोबर विक्रेताओं को 174.56 करोड़ रूपए का भुगतान भी किया जा चुका है। गौठान समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों को अब तक 159.41 करोड़ रूपए राशि की भुगतान किया जा चुका है। गौठान समितियों तथा स्व-सहायता समूह को 163.58 करोड़ लाभांश राशि का वितरण किया गया है। स्वावलंबी गौठानों में स्वयं की राशि से 21.78 करोड़ रूपए का गोबर क्रय किया है।

#### गौठानों में 70,889 लीटर गोमूत्र की खरीदी

अभी राज्य के 78 गौठानों में 4 रूपए लीटर की दर से गोमूत्र की खरीदी की जा रही है। गौठानों में अब तक 70 हजार 889 लीटर क्रय किए गए गौमूत्र से 24,547 लीटर कीट नियंत्रक ब्रम्हास्त्र और 16,722 लीटर जीवामृत तैयार किया गया है, जिसमें से 34,085 लीटर ब्रम्हास्त्र और जीवमृत की बिक्री से 14.75 लाख रूपए की आय हुई है।

#### गोबर से 24 लाख कम्पोस्ट खाद का उत्पादन-समूहों को 81.84 करोड़ की आय

गौठानों में महिला समूहों द्वारा 18.61 लाख क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट तथा 5.37 लाख क्विंटल से अधिक सुपर कम्पोस्ट एवं 18,924 क्विंटल सुपर कम्पोस्ट प्लस खाद का निर्माण किया जा चुका है, जिसे सोसायटियों के माध्यम से क्रमश: 10 रूपए, 6 रूपए तथा 6.50 रूपए प्रतिकिलो की दर पर विक्रय किया जा रहा है। महिला समूह गोबर से खाद के अलावा गो-कास्ट, दीया, अगरबत्ती, मूर्तियां एवं अन्य सामग्री का निर्माण एवं विक्रय कर लाभ अर्जित कर रही हैं। गौठानों में महिला समूहों द्वारा इसके अलावा सब्जी एवं मशरूम का उत्पादन, मुर्गी, बकरी, मछली पालन एवं पशुपालन के साथ-साथ अन्य आय मूलक विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है, जिससे महिला समूहों को अब तक 84.55 करोड़ रूपए की आय हो चुकी हैं। राज्य में गौठानों से 11,187 महिला स्व-सहायता समूह सीधे जुड़े हैं, जिनकी सदस्य संख्या 83,874 है। गौठानों में क्रय गोबर से विद्युत उत्पादन की शुरुआत की जा चुकी है।

#### गोधन न्याय से 2.93 लाख ग्रामीण पशुपालक लाभान्वित

राज्य में गोधन के संरक्षण और संर्वधन के लिए गांवों में गौठानों का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। गौठानों में पशुधन देख-रेख, उपचार एवं चारे-पानी का नि:शुल्क बेहतर प्रबंध है। राज्य में अब तक 10,624 गांवों में गौठानों के निर्माण की स्वीकृति दी गई है, जिसमें से 8408 गौठान निर्मित एवं 1758 गौठान निर्माणाधीन है। गोधन न्याय योजना से 2 लाख 93 हजार से अधिक ग्रामीण, पशुपालक किसान लाभान्वित हो रहे हैं। गोबर बेचकर अतिरिक्त आय अर्जित करने वालों में 46 प्रतिशत महिलाएं है।

## समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए सभी तैयारियां पूर्ण करें: मुख्य सचिव

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सहित राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में संभागायुक्त, कलेक्टर एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हुए। मुख्य सचिव ने धान खरीदी और कस्टम मिलिंग, समितियों से धान परिवहन की व्यवस्था सहित इस खरीफ सीजन में धान खरीदी के संबंध में आने वाली शिकायतों के निराकरण के संबंध में विस्तार से समीक्षा की। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्रों में किसानों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में मुख्य सचिव ने नगरीय निकायों में लीगेसी वेस्ट के निराकरण की कार्ययोजना की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने नगर निगम, रायपुर, कोरबा, दुर्ग, रायगढ़, जगदलपुर, धमतरी और राजनांदगांव में लीगेसी वेस्ट के निराकरण की कार्ययोजना के क्रियान्वयन की जानकारी जिलों के कलेक्टरों से ली। साथ ही राज्य में संचालित दूषित जल उपचार संयंत्रों के संचालन की स्थिति की जानकारी भी कलेक्टरों से ली गई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों से ग्राम पंचायतों में सालिड वेस्ट मैनेजमेंट की कार्ययोजना एवं उसकी प्रगति की विस्तार से जानकारी ली।

मुख्य सचिव ने ऑनलाइन नामांतरण योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए राजस्व विभाग के अधिकारियों को कहा कि भूमि की रजिस्ट्री होते ही नामांतरण की ऑनलाइन व्यवस्था प्रारंभ की जाये। उन्होंने इस संबंध में अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। श्री जैन ने कहा कि राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को फसल कटाई प्रयोग के संबंध में निर्देश दिए गए कि जिस तरह से फसल गिरदावरी के समय अधिकारी किसानों के खेतों में उनके साथ होते हैं, इसी तरह फसल कटाई प्रयोग के समय भी किसानों के साथ खेतों में मौजूद रहें।

बैठक में राज्य योजना आयोग के अंतर्गत राज्य में सतत् विकास लक्ष्य का स्थानीयकरण (एसडीजी) के जिला स्तर पर लक्ष्यों के मूल्यांकन में सुविधा हेतु डिस्ट्रिक्ट फ्रेम वर्क के संबंध में योजना आयोग के अधिकारियों ने प्रेजेंटेशन के जरिये विस्तृत जानकारी दी। मुख्य सचिव ने सतत् विकास लक्ष्य के स्थानीयकरण के तहत सभी विभागों के भारसादक सचिवों, विभागाध्यक्षों, जिला कलेक्टर एवं जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। बैठक में कृषि विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा, राजस्व विभाग के सचिव एन.एन.एक्का, मार्कफेड के प्रबंध संचालक मनोज सोनी, नान के प्रबंध संचालक निरंजन दास सहित पंचायत ग्रामीण, कृषि और आर्थिक सांख्यिकी एवं योजना विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

### भगवान महावीर स्वामी के जीवन चक्र पर आधारित रंगोली देखने पहुंचे समाज प्रमुख

**रायपुर (ए)।** न्यू राजेंद्र नगर स्थित महावीर स्वामी जिनालय में परमपूज्य साध्वी स्नेहयशा के पावन निश्रा में भगवान महावीर स्वामी के अवतरण से लेकर उनके मोक्षगमन तक रंगोली का चित्रण किया गया है। आध्यात्मिक चातुर्मास समिति के अध्यक्ष विवेक डागा ने बताया कि जिनालय में 10 अध्याय के अंदर 33 रंगोलियां बनाई गई है।

प्रदर्शनी के दर्शनार्थ गुरुवार को शाम 4 बजे जिनालय में सर्व समाज के प्रमुख और पदाधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के विधायक सत्यनारायण शर्मा, उत्तर विधायक कुलदीप जुनेजा, शदाणी दरबार के प्रमुख संतश्री युधिष्ठिरलाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री अल्पसंख्यक आयोग के डॉ. सलीम राज, श्रीसंघ शंकर नगर के अध्यक्ष प्रेमचंद लुणावत, अविनाश ग्रुप के अरुण सिंघानिया, सेंट पॉल्स चर्च के फादर सबेस्टियन, नगर निगम जोन 10 के अध्यक्ष एवं पार्षद आकाशदीप शर्मा, सचिन मेघानी, सुबोध हरितवाल ने भगवान महावीर स्वामी के जीवन चक्र पर आधारित रंगोली का दर्शन किया।

## सीएम बघेल ने राज्योत्सव एवं आदिवासी नृत्य महोत्सव की तैयारियों का लिया जायजा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के 23वें स्थापना दिवस की तैयारियों राजधानी रायपुर में जोरों से चल रही है। इस दौरान 1 से 3 नवंबर तक राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन साइंस कालेज मैदान में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गुरूवार की शाम महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए साइंस कालेज मैदान पहुंचे। मुख्यमंत्री बघेल ने छत्तीसगढ़ शासन के सभी विभागों द्वारा लगाए जाने वाले स्टालों के स्थल का भी निरीक्षण किया और विभागीय अधिकारियों को तैयारियों को के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

गौरतलब है कि 1 से 3 नवंबर तक आयोजित राज्योत्सव एवं राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव को भव्य रूप से मनाने की तैयारी की जा रही है और इसके लिए साइंस कालेज मैदान में तैयारियां जोरों पर हैं। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के लिए सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों सहित 09 देशों के 1500 आदिवासी कलाकार अपनी प्रस्तुति देने के लिए छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। इस अवसर पर सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243






















# ठीक नहीं है बच्चों से मारपीट करना

## पकड़ लेते हैं गलत राह



आज का युवा दम्पत्ति माता-पिता बनने से पहले ही अपने होने वाले बच्चे को हर सुविधा देने का प्रयत्न शुरू कर देते हैं। माता-पिता बनने के बाद वे अपने बच्चे पर अपनी जिन्दगी कुर्बान कर देते हैं। लेकिन कई बच्चे ऐसे होते हैं जो अपनी शैतानियों से माँ-बाप को परेशान कर देते हैं। बच्चों की शैतानियाँ जब हद से ज्यादा गुजर जाती हैं तो माँ-बाप अपने बच्चे पर हाथ उठाना शुरू कर देते हैं। एक बार जब माँ-बाप का हाथ उठना शुरू हो जाता है तो वह बच्चे पर एक आदत सा बन जाता है। हालांकि माँ-बाप का इरादा बस इतना होता है कि बच्चे उस गलती को बार-बार न दोहराएं। आप और हम अक्सर यह सोचते हैं कि बच्चे को हम पीट दिया अब वो कोई गलती नहीं करेगा। लेकिन क्या आप यह जानते हैं कि बच्चों को पीटकर सबक सिखाना बिल्कुल गलत है। बच्चों पर माता-पिता का हाथ उठाने का शारीरिक असर तो होता ही है लेकिन उससे ज्यादा बच्चे भावनात्मक स्तर पर प्रभावित होते हैं। बच्चों से मारपीट का असर गलत होता है इस बात का अहसास माता-पिता को तब होता है जब बच्चा गलत राह पर चला जाता है। आज हम अपने पाठकों को उन दुष्परिणामों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो बच्चों पर हाथ उठाने से सामने आते हैं-

■अक्सर बच्चे गलती करने के बाद होने वाली पिटाई से बचने के लिए झूठ बोलते हैं, इस तरह धीरे-धीरे झूठ बोलना उनकी आदत में शुमार हो जाता है। माता-पिता के लिए यह आवश्यक है कि वह बिना मारपीट किए बच्चे की इस आदत को सुधारें। अपने प्रेमपूर्वक व्यवहार से वे इस बात की जानकारी लें कि आखिर क्योंकर बच्चे ने झूठ बोला है। कारण जानने के बाद उसके साथ मारपीट न करें अपितु उसे प्यार से अपनी गलती का अहसास कराएँ।

■बच्चों को मार-पीटकर माता-पिता उन पर नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास करते हैं, धीरे-धीरे वे माता-पिता के इस तरीके को सही मानने लगते हैं और फिर वे स्वयं यही काम अपने हमउम्र साथियों के साथ करने लगते हैं।

■माता-पिता बच्चों के रोल मॉडल होते हैं और ज्यादातर बातें अपने माता-पिता और आसपास के अन्य लोगों से सीखते हैं। छोटी-छोटी बातों पर बच्चे को डांटने और मारने से उसके मन में डर बैठ जाता है। जिससे वह कोई भी काम सही तरीके से नहीं कर पाता है। उसे इस बात का अहसास होता है कि सही करने पर भी उसकी पिटाई होगी, जिसके चलते वह उस काम को सही नहीं कर पाता है।

■बच्चों को मारने पर न केवल उन्हें शारीरिक पीड़ा होती है, बल्कि वे मानसिक रूप से भी आहत महसूस करते हैं।

■कुछ माता-पिता ऐसे होते हैं, जो बात-बात पर बच्चों को उनकी गलती का अहसास कराने लगते हैं। धीरे-धीरे बच्चा भी यही सोचने लगता है कि वह बहुत बुरा इंसान है।

■बच्चों के साथ मारपीट करने पर उनके आत्मविश्वास को गहरी चोट लगती है, जिससे उनका आत्मविश्वास कमजोर पड़ने लगता है।

■बच्चों को जितना मारेंगे, वे उतनी ही ज्यादा गलतियां करेंगे और उनके मन में अपने और पैरेंट्स के प्रति हीनभावना पनपने लगती है।

■बच्चों के साथ मारपीट करने वाले माता-पिता यह भूल जाते हैं कि उनके ऐसे व्यवहार से धीरे-धीरे बच्चा उनसे दूर होता चला जाएगा।

■बार-बार मार खाने के बाद बच्चा भी ढीठ बन जाता है और किशोरावस्था आने तक वह पूरी तरह से विद्रोही हो जाता है। वह माँ-बाप की हर बात व समझाइश का विरोध शुरू कर देता है।

■बच्चों को पता रहता है कि वह चाहे जो कुछ भी गलत करें, उसकी पिटाई तो होनी ही है। फिर वह हर काम अपने मन का ही करता है।

# किताबों के लिए प्यार मुझे मां से विरासत में मिला है : श्वेता



टीवी उद्योग का लोकप्रिय चेहरा श्वेता तिवारी, जो वर्तमान में मैं हूं अपराजिता में तीन बेटियों की मां की भूमिका निभा रही हैं, ने खुलासा किया है कि किताबें पढ़ने में उनकी अच्छी रुचि है और कहा कि एक अच्छा उपन्यास पढ़ने से स्ट्रेस कम होता है। उनका कहना है कि, जब भी मेरे पास खाली समय होता है, मुझे एक अच्छी किताब पढ़ने में मजा आता है। भले ही मेरे पास व्यस्त शूटिंग शेड्यूल हो, एक दिलचस्प उपन्यास पढ़ना मुझे हमेशा खुश और तनाव मुक्त बनाता है।

अभिनेत्री ने कसौटी जिंदगी की में प्रेरणा की भूमिका के साथ मनोरंजन उद्योग में अपनी जगह बनाई और कई दैनिक धारावाहिकों, फिल्मों और वेब श्रृंखलाओं में भी अभिनय किया।

वह बिग बॉस 4 की विनर भी रहीं और फिर खतरों के खिलाड़ी 11 में हिस्सा लिया। उन्होंने हम, तुम और देम से डिजिटल डेब्यू किया था।

अभिनय के अलावा, श्वेता किताबें पढ़ने के अपने शौक के लिए कुछ समय निकालना सुनिश्चित करती हैं और अपनी मां से यह आदत विरासत में मिलने के बारे में कहती हैं।

आगे उन्होंने कहा, एक बच्चे के रूप में, मुझे किताबें पढ़ना पसंद था और मेरा मानना है कि मुझे अपनी मां से किताबों के लिए प्यार विरासत में मिला है। किताबों का मेरा संग्रह बचपन से बढ़ रहा है, वे वास्तव में मुझे खुश करते हैं।

इसके अलावा उन्होंने बताया कि किस तरह की किताबें पढ़ना उन्हें पसंद हैं। मुझे भारतीय और यूरोपीय इतिहास के बारे में पढ़ना पसंद है। यदि आप मुझसे मेरे वर्तमान पसंदीदा के बारे में पूछते हैं, तो वे पाउलो कोएल्हो द्वारा द अल्केमिस्ट, युवल द्वारा सेपियंस हैं।

42 वर्षीय अभिनेत्री ने आगे कहा, मुझे क्रिस्टिन हन्ना और कोलीन हूवर के लिखे गए उपन्यास पढ़ना भी पसंद है। मैंने जो भी किताब पढ़ी है, मैं उस चरित्र से जुड़ती हूं, और यह एक और जीवन जीने जैसा है। मैं हूं अपराजिता जी टीवी पर प्रसारित होता है।

# द सीक्रेट डायमेंशन मेरे लिए एक विशेष स्थान रखता है: टिया बाजपेयी



गायिका, टीवी और फिल्म अभिनेत्री टिया बाजपेयी अपने अगले प्रोजेक्ट द सीक्रेट डायमेंशन के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो एक महत्वाकांक्षी लड़की के जीवन पर आधारित है, जो अपने सपनों को हासिल करने के लिए किसी भी हद तक जाती है। इस प्रक्रिया में, उसे पता चलता है कि जीवन के कई पहलू हैं जिन्हें तलाशने की आवश्यकता है। टिया अपने चरित्र के साथ अच्छी तरह से जुड़ती है, जैसा कि वह उल्लेख करती है, यह एक लड़की की यात्रा है जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखने की हिम्मत करती है।

विक्रम भट्ट की हॉन्टेड-3डी से अपने फिल्मी करियर की शुरूआत करने वाली टिया 1920-एविल रिटर्न्स, हेट स्टोरी 4 सहित कई फिल्मों का हिस्सा रही हैं और घर की लक्ष्मी बेटीयां जैसे टीवी शो में भी नजर आ चुकी हैं।

अभिनेत्री लखनऊ की रहने वाली है और फिल्म में भी वह उसी शहर से ताल्लुक रखने वाला किरदार निभा रही हैं।

मैक्सिमम रिस्क एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित इस फिल्म की शूटिंग 12 देशों में की गई है। यह हर उस व्यक्ति के बारे में है जो असंभव के बारे में सपने देखता है, इसे प्राप्त करने के लिए नरक से गुजरता है, लेकिन फिर यह महसूस करता है कि जीवन के लिए सिर्फ एक चीज के अलावा और भी बहुत कुछ है, केवल वे ही गुप्त आयाम की कुंजी ढूंढ सकते हैं।

फिल्म में टिया अपने सारे गाने गाने वाली हैं। इसके बारे में और साझा करते हुए, वह आईएएनएस को बताती है, मैं फिल्म में अपने सभी गाने खुद गा रही हूं, यह एक संगीतमय फिल्म है। इसमें 11 गाने हैं जो मेरे द्वारा लिखे और गाए गए हैं।

जो बात फिल्म को उसके करीब और खास बनाती है, टिया जवाब देती है, मैंने जो भी फिल्म की है, वह मेरे लिए खास रही है। द सीक्रेट डायमेंशन मेरे दिल में एक खास जगह रखता है क्योंकि यह एक विजुअल एल्बम फिल्म है, और मैं खुद की भूमिका निभा रही हूं।

द सीक्रेट डाइमेंशन एक ऐसे व्यक्ति की यात्रा के बारे में है, जो अपने जीवन को खास बनाने के लिए कुछ अलग और असामान्य करने की कोशिश करता है। यह 2023 में रिलीज होगी।

# रिलीज हुआ अभिषेक बच्चन की ब्रीद इनटु द शैडोज का ट्रेलर, और गहराया रहस्य




अभिषेक बच्चन की वेब सीरीज ब्रीद इनटु द शैडोज अमेजन प्राइम पर काफी पसंद की गई थी। इस क्राइम थ्रिलर का नया सीजन भी जल्द प्रीमियर होने वाला है। गुरुवार को दूसरे सीजन का ट्रेलर जारी हो गया है। सीजन 2 में एक बार फिर से अभिषेक, अविनाश सबरवाल के किरदार में नजर आ रहे हैं। वहीं अमित साध भी पहले की तरह पुलिस अफसर कबीर के किरदार में हैं। नए सीजन में रहस्य और गहरा चुका है।

ट्रेलर में एक बार फिर से अविनाश और कबीर चूहे-बिल्ली की दौड़ करते नजर आए। रहस्यमई कातिल छ्रु का रहस्य और उसकी क्रूरता इस बार एक स्तर आगे बढ़ चुकी है। वहीं कबीर ने भी ठान लिया है कि वह अविनाश को इस बार छोड़ने वाला नहीं है। इस बार यह क्राइम ड्रामा और डार्क नजर आ रहा है और ट्रेलर में कई विचलित करने वाले दृश्य हैं। ब्रीद इनटु द शैडोज 29 नवंबर को अमेजन प्राइम पर आएगी।

यह वेब सीरीज ब्रीद का स्पिनऑफ शो है। ब्रीद 2018 में आई थी। इसमें आर माधवन और अमित साध मुख्य भूमिका में नजर आए थे। वहीं ब्रीद इनटु द शैडोज 2020 में रिलीज हुई थी। इस सीरीज से अभिषेक बच्चन में ओटीटी पर डेब्यू किया था। एक पिता का प्यार किसी की जान बचा भी सकता है और जान ले भी सकता है, इस कॉनसेप्ट पर बनी इस सीरीज के निर्माता मयंक शर्मा हैं।

ब्रीद इनटु द शैडोज के अलावा अभिषेक ओटीटी के अन्य शो में भी अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुके हैं। 2020 में ही वह नेटफ्लिक्स की फिल्म लूडो में नजर आए थे। इस फिल्म में अभिषेक के अलावा पंकज त्रिपाठी और राजकुमार राव भी थे। वह डिज्नी+ हॉटस्टार की सीरीज द बिग बुल में नजर आए थे। इसके अलावा जी5 पर उनकी बॉब बिस्वास और नेटफ्लिक्स पर दसवीं भी मौजूद है।

अभिषेक की सिनेमाघर में रिलीज होने वाली पिछली फिल्म मनमर्जियां थी। यह फिल्म 2018 में आई थी। उनकी आने वाली फिल्मों की बात करें तो वह हाउसफुल 5 में नजर आएंगे। साजिद नाडियाडवाला की इस फिल्म में उनके साथ बॉबी देओल, अक्षय कुमार, रितेश देशमुख और जॉन अब्राहम भी नजर आएंगे। इसके अलावा वह आदिपुरुष के निर्देशक ओम राउत की अगली फिल्म का भी हिस्सा हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार यह एक ऐक्शन ड्रामा फिल्म होगी।

# इन फायदों को जानकर आप भी रोज करने लगेंगे कच्चे पनीर का सेवन

अगर आप शाकाहारी हैं तो पनीर का स्वाद आपने बहुत लिया होगा क्योंकि जब भी कुछ स्पेशल बनाना होता हैं तो ज्यादातर पनीर के व्यंजनों को ही स्नैक्स और आहार में शामिल किया जाता हैं। पनीर एक ऐसी चीज है जिसे नमकीन और मीठे दोनों रूपों में खाया जाता है। पनीर स्वाद में टेस्टी होने के साथ यह सेहत के लिए बहुत अच्छा होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कच्चे पनीर का सेवन ज्यादा फायदेमंद होता हैं। प्रोटीन, वसा, कैल्शियम, प्रोटीन, फॉस्फोरस, फोलेट और कई न्यूट्रीएंट्स से भरपूर पनीर का सेवन कई तरह से सेहत को फायदा पहुंचाने का काम कारता हैं जिनके बारे में हम आपको आज बताने जा रहे हैं। आइये जानते हैं इनके बारे में...

### प्रोटीन की आपूर्ति

पनीर खाने का सबसे अधिक कोई फायदा है तो वो है इसमें मौजूद हाई प्रोटीन। आपको बता दें कि एक कप पनीर में 24 ग्राम प्रोटीन पाया जाता है। इसके नियमित सेवन से आपका शरीर तो हेल्दी होगा ही, आपके मसल्स भी तेजी से मजबूत बनेंगे।

### फाइबर की आपूर्ति

फाइबर की कमी होने पर आपको कमजोर इम्यून सिस्टम, बावसीर, कोलेस्ट्रोल, कब्ज और शुगर लेवल बढ़ना जैसी प्रॉब्लम का सामना करना पड़ सकता है। अगर आपके शरीर में फाइबर की कमी है तो रोज इसका सेवन करें। दिन में कम से कम 1 बार कच्चा पनीर खाने से आपके शरीर में फाइबर की कमी पूरी हो जाएगी।

### वजन करता है कम

पनीर में हाई प्रोटीन होता है जो वजन को कंट्रोल में रखने के लिए जरूरी होता है। इसमें फैट और शुगर की मात्रा भी कम होती है। जिस से वजन को कंट्रोल में रखने में ये काफी मदद मिलती है। कच्चे पनीर में लीनोलाइक एसिड भी काफी मात्रा में पाया जाता है। इससे शरीर में फैट बर्निंग प्रॉसेस तेज होता है, जिससे आपको वजन कम करने में मदद मिलती है। इसलिए अपनी डाइट प्लान में कच्चा पनीर जरूर शामिल करें।



### कैंसर से बचाव

पनीर का सबसे बड़ा लाभ यही है, इसमें कोई शक नहीं। हाल ही में हुए एक शोध में यह साबित हुआ है कि पनीर में कैंसर जनित कारणों और खतरों को कम करने की क्षमता है। पेट के कैंसर, कोलोन कैंसर और ब्रेस्ट कैंसर के इलाज में पनीर बेहद प्रभावी साबित हुआ है।

### कैल्शियम करता है बूस्ट

पनीर कैल्शियम का एक्सेलेंट सोर्स है। एक कप पनीर में 227 मिलीग्राम कैल्शियम पाया जाता है। जो कि आपके रोज के प्रोटीन इंटेक का 18 प्रतिशत होता है। अगर आप नॉन फैट प्रोडक्ट खाना चाहते हैं तो पनीर बेस्ट ऑप्शन हो सकता है।

### दांत और हड्डियां बनाए मजबूत

पनीर का सबसे बेहतरीन लाभ है कि यह आपकी हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाता है साथ ही कैल्शियम और फास्फोरस का एक बढ़िया स्त्रोत भी है। रोजाना पनीर का सेवन हड्डियों की समस्या, जोड़ों में दर्द और दांत के रोगों से बचाए रखने में बेहद मददगार है।

### डाइबिटीज में फायदेमंद

ओमेगा 3 से भरपूर पनीर डाइबिटीज से भी बेहद प्रभावी तरीके से लड़ता है। विशेषज्ञ डॉक्टरों का कहना है कि वे भी अपने डाइबिटीज रोगियों को रोजाना पनीर को डाइट में शामिल करने की सलाह देते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है, कि पनीर दोनों टाइप के डाइबिटीज के लिए प्रभावी साबित होता है।

### मजबूत होगा मेटाबॉलिज्म

पाचन और पाचन तंत्र के लिए मेटाबॉलिज्म का रोल बहुत महत्वपूर्ण है। पनीर में अत्यधिक मात्रा में डायट्री फाइबर होते हैं जो भोजन के पाचन में बेहद मददगार साबित होता है। यह पाचन तंत्र के सुचारू रूप से चलने के लिए बेहद फायदेमंद और महत्वपूर्ण है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### शत-प्रतिशत कोविड टीकाकरण के लिए चलाया जा रहा है अभियान

**दंतेवाड़ा।** जिले के गीदम नगरवासियों के शत-प्रतिशत कोविड टीकाकरण के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिससे कि नगर के सभी व्यक्तियों का कोविड टीकाकरण हो सके। खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौतम कुमार ने बताया नगर के सभी 15 वार्डों में मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की टीम बनाई गयी है। जो नगर के सभी वार्डों के सभी घरों में कोरोना के टीकाकरण से संबंधित जानकारी लेगी। साथ ही श्री गौतम ने सभी नगरवासियों से टीकाकरण टीम को वास्तविक जानकारी देते हुए सहयोग प्रदान करने की बात कही है। कोविड टीकाकरण टीम द्वारा घरों में किसी भी कारणवश किसी सदस्य का टीके का पहला डोज नही लग पाया होगा तो उन्हें घर में ही टीका लगाया जाएगा। साथ ही यदि किसी का दूसरे डोज का समय हो गया होगा तो उन्हें भी घर में ही दूसरा डोज लगा दिया जाएगा। इस प्रकार नगर के सभी सदस्यों को टीका लगाकर नगर को 100 प्रतिशत टीकाकरण करने का लक्ष्य रखा है। जिससे कि गीदम नगर कोरोना जैसी महामारी से सुरक्षित हो सके और हम संभावित तीसरी लहर और उससे होने वाले नुकसान से नगर को बचा सके।

### चैंपियन्स ट्रॉफी में बस्तर लायन्स की रोमांचक जीत

**जगदलपुर।** बस्तर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित चैंपियन्स ट्रॉफी 50-50 ओवर प्रतियोगिता में आज का मैच बस्तर लायन विरुद्ध बस्तर पैंथर के मध्य खेला गया,जिसमे बस्तर लॉयंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।बस्तर लायंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट खोकर 43.3 ओवर में 248 रन बनाए।जिसमे आकाश नाग ने 67, श्लोक महापात्र ने 44 और हर्ष पांडे ने 30 रनों की पारी खेली। पैंथर की ओर से कौशलेंद्र राठौर ने 4 विकेट एवम कागेश ने 3 विकट हासिल किए। रनों का पीछा करते हुए लायन की टीम ने 236 रन बनाकर ऑल आउट हो गई,जिसमे से कौशलेंद्र राठौर ने ताबड़ तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 50 गेंदों में 82 रनों की शानदार पारी खेली एवम सैयम जैन ने 35 और गौरव दस ने 28 रनों की पारी खेली।

# छग में तीसरी बार राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का होगा भव्य आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के गठन को आगामी 1 नवम्बर को 22 साल पूरे हो जाएंगे। इस मौके पर 23वें राज्य स्थापना दिवस का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की आदिवासी संस्कृति और सभ्यता को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की कवायद में तीसरी बार राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का भव्य एवं गरिमामय आयोजन 1 से 3 नवम्बर तक राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में होगा।



मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर राज्य की ओर से मंत्री, संसदीय सचिव, विधायकगण सहित अन्य जनप्रतिनिधि देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने पहुंच रहे हैं।

राज्योत्सव एवं राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के लिए आमंत्रण की कड़ी में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को आमंत्रित करने विधायक श्रीमती अनिता योगेन्द्र शर्मा और डॉ. लक्ष्मी ध्रुव पहुंची। उन्होंने गहलोत से मुलाकात कर उन्हें छत्तीसगढ़ की आदिवासी कलाकृति भेंट करते हुए महोत्सव में सम्मिलित होने आमंत्रित किया। वहीं असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमन्त बिश्व शर्मा से मुलाकात कर संसदीय सचिव श्री पारसनाथ राजवाड़े ने आमंत्रित किया। झारखंड के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन से विधायक खेलसाय सिंह एवं संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि आशीष सिंह ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री सोरेन को रायपुर में आयोजित हो रहे तृतीय राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की ओर से निमंत्रण पत्र दिया। पुद्दूचेरी के मुख्यमंत्री एन. रंगास्वामी से संसदीय सचिव इन्द्रशाह मंडावी एवं विधायक दलेश्वर साहू ने मुलाकात कर आमंत्रण पत्र सौंपा। सिक्किम के लोक निर्माण एवं संस्कृति मंत्री संदूप लेपचा को आमंत्रित करने पहुंचे संसदीय सचिव कुंवरसिंह निषाद एवं विधायक भुनेश्वर बघेल ने आमंत्रण पत्र और आदिवासी कलाकृति भेंट किया।

विधायक सत्यनारायण शर्मा ने लक्षद्वीप के प्रशासक के प्रतिनिधि से मुलाकात कर उन्हें आमंत्रित किया है। इसी कड़ी में संसदीय सचिव गुरूदयाल बंजारे ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को, संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव ने त्रिपुरा के मुख्यमंत्री मानिक साहा को, संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी ने जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव अरूण मेहता को और लघु वनोपज संघ के जीएम श्री एस. मनीवासगन ने तमिलनाडु सरकार के उद्योग मंत्री थांगम थेन्नारासु को आमंत्रित किया है। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ की आदिवासी कला संस्कृति, रीति-रिवाज, उत्सव, परम्परा के संरक्षण एवं संवर्धन तथा देश के राज्यों सहित विश्व के अन्य देशों में निवासरत आदिवासी लोगों के कला-संस्कृति के आदान-प्रदान के उद्देश्य से भव्य आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन शुरू किया गया है।

# छत्तीसगढ़ सरकार पारंपरिक संस्कृति को सहेजने का कार्य कर रही-मंत्री अकबर

श्रीकंचनपथ न्यूज

कवर्धा। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर ने आज बोड़ला विकासखंड के सुदूर वनांचल क्षेत्र के रेंगाखार जंगल में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति से जुड़े मातर कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने राधा कृष्ण मंदिर में पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की ओर कार्यक्रम की शुरुआत की। केबिनेट मंत्री श्री मोहम्मद अकबर का कार्यक्रम में पहुंचने पर यादव समाज द्वारा पारंपरिक राऊत नाचा से भव्य स्वागत किया गया।




मंत्री श्री अकबर ने सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने यादव समाज के सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख रुपए और मातर कार्यक्रम में भाग लेने वाले 13 राउत नाचा दल को 25-25 हजार देने की घोषणा की। कार्यक्रम में इस दौरान क्रेडा के सदस्य श्री कन्हैया अग्रवाल, श्री नीलकंठ चंद्रवंशी, मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू, चोवाराम राम साहू, कंशाराम साहू सहित जनप्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

केबिनेट मंत्री श्री अकबर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में शासन द्वारा पारंपरिक संस्कृति को सहेजने का कार्य कर रही है। मातर कार्यक्रम पारंपरिक संस्कृति का हिस्सा है। समाज द्वारा अभी भी जीवंत रखा गया है। इस पारंपरिक संस्कृति को सहेज के रखते हुए आगे बढ़ाना है। पारंपरिक संस्कृति के विकास के लिए भी शासन द्वारा लगातार कार्य किए जा रहा है। मंत्री श्री अकबर ने कहा कि हमने सरकार बनाने से पहले जनता से जो वायदा किए थे। उन सभी वादों को प्राथमिकता में रखते हुए पूरा कर रहे है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार किसानों के अल्पकालीन ऋण माफकिया गया। जिले के 75 हजार 450 किसानों का 455 करोड़ 65 लाख रूपए ऋण माफी स्वीकृत किया गया है। प्रदेश के 65 लाख परिवारों के लिए राशन कार्ड बना कर दिया। आने वाले इस तीन वर्षो में समय के साथ परिवार का विभाजन हो रहा है, अब फिर से उन परिवारों द्वारा नया राशन कार्ड अथवा वर्तमान राशन कार्ड का विभाजन करने की समस्या संज्ञान में लाई गई। राज्य सरकार ने ऐसे सभी परिवारों को अब राशन कार्ड बना कर दे रहे है। प्रदेश के भूमिहीन श्रमिकों के आर्थिक विकास के लिए राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना बनाई गई है। राज्य सरकार द्वारा वनोपज संग्रहण से जुड़े प्रदेश के लाखों परिवारों के विकास के लिए 7 प्रकार के वनोपज बढ़ाकर 65 प्रकार की वनोपज की खरीदी की जा रही है। तेंदूपत्ता प्रतिमानक बोरा 2500 से बढ़ाकर 4000 रूपए किया गया है। मंत्री श्री अकबर ने ग्रामीणों को बताया कि प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए मुख्यमंत्री शहरी स्लम योजना बनाई गई है। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान चलाकर सुपोषण से मुक्ति के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है। प्रदेश के युवाओ के लिए गांव-गांव में राजीव युवा मितान क्लब बनाकर युवाओं को शासन और प्रशासन से जोड़ा जा रहा है।

श्री धनवंतरी मेडिकल खोलकर सस्ती दवाई उपलब्ध कराई जा रही है। हॉट बाजारों के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए मुख्यमंत्री हॉट बाजर क्लीनिक योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा है कि शासन के विभिन्न योजनाओं के अलावा भी क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोगों की मांगों और समस्याओं से रूबरू होकर उनके समस्याओं का समाधान करने का प्रयास भी कर रहे है।

# राज्योत्सव में विभागीय प्रर्दर्शनियों सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

### हेल्थ कैम्प सहित राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड भी बनाया जाएगा

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस एक नवंबर को जिला मुख्यालय नारायणपुर में एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राज्योत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम नारायणपुर शहर के बालक उच्चतर माध्यमिक परिसर स्थित खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष एवं नारायणपुर विधायक चन्दन कश्यप होंगे।

एक दिवसीय कार्यक्रम में शासकीय विभागों की प्रदर्शनियों सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के साथ ही हेल्थ कैम्प सहित राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड भी बनाया जाएगा। सीमार्ट और श्रीधनवंतरी मेडिकल स्टोर के भी स्टाल लगाये जायेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने आज विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए और अधिकारियों को आवश्यक जिम्मेदारी सौंपी है। कलेक्टर ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को जिम्मेदारी सौंपी है। कलेक्टर ने एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम के दौरान शासकीय योजनाओं पर आधारित विभागीय प्रदर्शनी के लिए स्टॉल व्यवस्था, स्टॉलों का आबंटन आदि के लिए भी जरूरी निर्देश अधिकारियों को दिए है। कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त पानी टैंकरों एवं साफ-सफाई के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश नगर पालिका के अधिकारियों को दिए है।

इस दौरान संयुक्त कलेक्टर प्रदीप वैद्य, डिप्टी कलेक्टर सुमित बघेल, डीएसपी उन्नति ठाकुर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग संजय चंदेल के अलावा जिला स्तरिय अधिकारी मौजूद थे।

# बदलता दंतेवाड़ाः गोधन न्याय योजना ने खोले तरक्की के रास्ते महिलाओं के वास्ते

### गोधन न्याय योजना ने खोले तरक्की के रास्ते महिलाओं के वास्ते, गौठान में गोबर खरीदी से आई समृद्धि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिली मजबूती

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है गोधन न्याय योजना। इस योजना की शुरुआत करने का उद्देश्य पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार करना है। इस योजना के तहत शासन द्वारा गौपालक किसानों से गोबर खरीद कर खरीदे गए गोबर से वर्मी कम्पोस्ट बनाने का काम किया जा रहा है।

जिसे वन विभाग, उद्यानिकी व कृषि विभाग और किसानों को बेचा जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना गोधन न्याय योजना के तहत दंतेवाड़ा ब्लॉक के गौठानों में आजीविका संवर्धन और गौपालक किसानों को आर्थिक सहायता प्राप्त करने के उद्देश्य से विभिन्न ग्राम पंचायतों में गौठान व चारागाह का निर्माण किया गया है। यह योजना ग्रामीणों के लिए आमदनी का बेहतर स्त्रोत बन कर उभरा है। जिसके कारण ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। जनपद पंचायत दंतेवाड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत बालपेट के आश्रित ग्राम भैरमबंद गौठान में केंचुआ खाद व सुपर कम्पोस्ट खाद का निर्माण किया जा रहा है जो की आज की स्थिति में उत्पादक व विक्रय का केन्द्र बना है। अब तक इस केंद्र के कुल गोबर खरीदी 2216576.07 किग्रा. जिसका मूल्य 4433152.14 रू0 गोबर विक्रेता हितग्राहियों को प्रदान किया जा चुका है। भैरमबंद गौठान में प्राप्त गोबर से केंचुआ खाद कुल मात्रा 219425 किलोग्राम को राशि 21,89,230 रू. व सुपर कम्पोस्ट कुल मात्रा 20,000 किलोग्राम को 1,20,000 रू0 में बेचा गया है। इस गौठान में वर्तमान में कुल 15-20 समूह की दीदियां कार्यरत है। दीदियों द्वारा गोबर खरीदी कर खाद निर्मित कर रही हैं। उपलब्ध गोबर से महिला समूह द्वारा जैविक खाद्य बनाकर इसका विक्रय से लाभ अर्जित कर रहीं है। साथ-साथ सब्जी उत्पादन जैसे अन्य गतिविधियां भी की जा रही हैं। गौठान में गोबर खरीदी से अनेक प्रकार के रोजगार सृजन हुए है। इससे जहां एक ओर मृदा स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है वहीं गुणवत्ता युक्त फसल उत्पादन को बढ़ावा मिल रहा है।



उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने बाईक एम्बुलेंस को दिखाई हरी झंडी

# उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने बाईक एम्बुलेंस को दिखाई हरी झंडी




श्रीकंचनपथ न्यूज

**सुकमा ।** उद्योग एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने जिले के पहुंचविहीन क्षेत्रों के अस्पतालों के लिए 10 नग बाईक एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवानगी की। यह बाइक एम्बलेंस पहुंचविहीन क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र किस्टाराम, जगरगुण्डा, चिन्तागुफा, कुकानार और उप स्वास्थ्य केन्द्र गोण्डेरास, गोरली, बुड़दी, सौतनार, बगड़ेगुड़ा, भेज्जी के आसपास के ग्रामीणों को सेवाएं देगी, जिससे मरीजों, गर्भवती माताओं को अस्पताल केन्द्र तक पहुंचने में सहूलियत होगी। साथ ही आमजनों को अस्पातल से दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का भी लाभ मिलेगा। इन अंदरूनी क्षेत्र में बाइक एम्बुलेंस की सुविधाओं से संबंधित ग्रामों के आमजनों को लाभ मिलेगी।

### राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के लिए बस्तर के 12 खिलाड़ियों का हुआ चयन

**जगदलपुर।** राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन बिलासपुर में 27 से 30 अक्टूबर तक किया जा रहा है, इसमें अंडर-19 वर्ग में हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बस्तर ब्लॉक से 12 खिलाडियों का चयन हुआ है, ये खिलाड़ी बिलासपुर के लिए रवाना हो चुके हैं। चयनित खिलाड़ियों में सबीर मौर्य, राजेश मौर्य, उमेश बघेल, कामेश्वर मौर्य, खगेश्वर बघेल, कु. लता बघेल, रामेश्वरी बघेल, पूनम कश्यप, मीना बघेल, जमादई कश्यप, शीतल बघेल अपने खेल का जौहर दिखाएंगे। चयनित खिलाड़ियों को हॉकी का किट बविप्रा अध्यक्ष एवं विधायक लखेश्वर बघेल द्वारा उपलब्ध करवाया गया।

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

राजहंस राजस्थानी थाली
पार्सल सुविधा
स्वाद घर का.....
राजस्थानी पारंपरिक व्यंजनों की स्वाद का आनंद लें
घड़ी चौक के सामने, गौरी लॉज के नीचे, सुपेला, भिलाई
संतोष शर्मा : 9649604367 देवीलाल शर्मा : 9783391314 प्रतीक दवे : 9752525050

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### नदी में मिली अज्ञात युवक की लाश जांच में जुटी पुलिस

**कवर्धा (ए)।** कबीरधाम जिले के ग्राम नेवारी में नदी में नहाने पहुंचे ग्रामीण को एक अज्ञात व्यक्ति की लाश तैरती हुई मिली। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस पंचनामा कर मामले की पड़ताल में जुट गई है। शुक्रवार सुबह नदी में नहाने पहुंचे ग्रामीण को एक व्यक्ति की लाश तैरती नजर आई। इसके बाद उसने गांव वालों के साथ पुलिस को सूचना दी। लाश को देखने से दो-तीन दिन पुरानी नजर आ रही है। आशंका है कि हत्या के बाद युवक के शव को नदी में फेंक दिया गया होगा। नदी में अधिक पानी होने के कारण से लाश पहले नीचे ही रही. लेकिन पानी कम होने के साथ दिखाई देने लगी है. जांच में जुटी पुलिस फिलहाल मामले में कुछ कहने से बच रही है। लाश की पहचान नहीं हो पाई है. ऊपरी तौर पर देखने से शरीर पर चोट के निशान नजर नहीं है। फिर कैसे मौत हुई इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा।

### कंपनी को लगाया लाखों चूना, मैनेजर गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए)।** जिले के तारबाहर थाना क्षेत्र का मामला है। जहांअपनी ही कंपनी को लाखों रुपए का चूना लगाने वाले आरोपी मैनेजर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मैनेजर ने व्यापारियों से 47 लाख रुपए का तेल लिया था और उसे ग़बन कर फरार हो गया था। बता दें कि व्यापार विहार स्थित इजी एजेंसी के संचालक मोइन वनक ने तारबाहर थाना में शिकायत कर बताया था कि वह तेल सप्लाई का काम करता है। साल 2019-20 में मनोज डोंगरे बतौर मैनेजर उनके यहां कार्यरत रहा जिसने व्यापारियों से तेल का ऑर्डर लेकर तेल कंपनी से 47 लाख रुपए का तेल सप्लाई किया। हिसाब करने पर गड़बड़ी सामने आई उसके बाद से मैनेजर फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी पूर्व मैनेजर मनोज डोंगरे के खिलाफ406 की धारा के तहत कार्रवाई की थी। लंबे समय के बाद पुलिस ने गबन के आरोपी मैनेजर मनोज डोंगरे को रायपुर के वृंदावन कॉलोनी, टिकरापारा से पकड़ा है।

### महिला स्वास्थ्यकर्मी के साथ दुष्कर्म, तीन गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** सरगुजा में एक महिला स्वास्थ्य कर्मी को बंधक बनाकर उसके साथ गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के साथ 2 आरोपियों ने गैंगरेप किया है। मामलें में पुलिस ने सहयोगियों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया वहीं एक आरोपी फरार है। मिली जानकारी के अनुसार घटना बतौली थानाक्षेत्र की है। यहां पीड़ित महिला छिपछिपी उपस्वास्थ्य केंद्र में तैनात थी। घटना के समय वह स्वास्थ्य केंद्र में अकेली थी। इसी दौरान आरोपी उपस्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और महिला को बंधक बना लिया। एक आरोपी ने उसके साथ बलात्कार किया, जबकि दो अन्य लोगों ने अपराध में उसका साथ दिया। घटना के बाद महिला ने इस संबंध में पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराया है । जिसके बाद पुलिस तुरंत हरकत में आ गई और आरोपी को पकडने के लिए पुलिस टीम भेजी।

# अवैध संबंध की बली चढ़ी महिला पति ने कर दी गला घोंटकर हत्या

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ में पति के अवैध संबंधों का विरोध करने पर शख्स ने अपनी ही पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद पति ने इसे हादसे का रूप देने का पूरा प्रयास किया लेकिन पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में सारी सच्चाई सामने आ गई। पुलिस का पहला शक पति पर ही था। पीएम रिपोर्ट सामने आने के बाद पुलिस ने पति को हिरासत में लिया। पूछताछ में सारी बात क्लीयर हो गई और आरोपी पति को पुलिस ने जेल भेज दिया है।




घटना रायगढ़ जिले के लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। दिवाली के दूसरे दिन बनेकेला गांव निवासी किशोर पटेल (34) ने अपनी ससुराल में अपनी पत्नी उर्मिला के मौत की सूचना दी। उसने अपने ससुराल में बताया कि उसकी पत्नी की मौत सीढ़ियों से गिरने के कारण हुई है। मृतका उर्मिला 9 माह की गर्भवती थी और उसकी इस तरह मौत से परिजन भी सकते में थे। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया।

पीएम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस हैरान रह गई। दरअसल रिपोर्ट में बताया कि महिला की मौत गला घोंटने से हुई है। इसके बाद पुलिस ने उसके पति किशोर पटेल को हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू की। पुलिस पूछताछ में किशोर पटेल ने सारी सच्चाई उगल दी। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसका गांव की ही एक महिला से अवैध संबंध है और उसकी पत्नी उर्मिला इसका विरोध करती थी। इसे लेकर अक्सर उसका विवाद हो रहा था। आखिरकार उसने दिवाली के दूसरे दिन पूरी प्लानिंग के साथ अपनी पत्नी की हत्या की और हादसे का रूप देना चाहा।

## करोड़ों की बेहिसाब संपत्ति के मालिक आईएएस समीर को नहीं मिली राहत



**रायपुर।** आय से अधिक संपत्ति मामले में ईडी की गिरफ्त में आए चिप्स के पूर्व सीईओ आईएएस अफसर समीर विश्नोई, करोबारी सुनील अग्रवाल और लक्ष्मीकांत तिवारी को कोर्ट ने जेल भेज दिया है। गुरुवार को तीनों को रायपुर की अदालत में पेश किया गया। जहां से इन्हें 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल जाने का आदेश दे दिया गया। कोर्ट में ईडी ने तीनों की कस्टडी मांगी थी लेकिन जज ने कस्टडी की मांगग को खारिज कर दिया। अदालत ने आरोपियों को रायपुर की सेंट्रल जेल भेज दिया है। तीनों आरोपी पिछले 14 दिनों से ईडी की कस्टडी में थे।

कोल माइनिंग मामले में पड़ा था छापाईडी के अधिवक्ता ने बताया कि तीनों आरोपियों के पास कई तरह के चेक, दस्तावेज और कैश मिला है जो अपराध किए जाने की ओर इशारा कर रहा है। आईएएससमीर और कारोबारियों पर कोल माइनिंग में अवैध लेन-देन का आरोप है। ईडी ने 11 अक्टूबर को आईएएस सहित दोनों आरोपियों के ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की थी। तीनों के पास से करोड़ों के कैश और सोना-चांदी सहित बेहिसाब संपत्ति मिली थी।

# मेडिकल स्टोर्स पर जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई एक दुकान का लाइसेंस निरस्त, 7 दुकान निलंबित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** जिला प्रशासन से शहर के मेडिकल स्टोर्स के खिलाफ गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की है। अवैध दवाओं की खरीदी बिक्री पर रोक लगाने कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा के निर्देश पर खाद्य एवं औषधी विभाग द्वारा शहर के कई मेडिकल स्टोर्स की जांच की गई। इस दौरान 7 मेडिकल स्टोर का 3 से 10 दिवस के लिए निलंबित किया गया। भारत मेडिकल स्टोर्स कसारिडीह का लाइसेंस रद्द किया गया।

कलेक्टर पुष्पेंद्र ष्ठद्गमार मीणा के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं




स्वास्थ्य अधिकारी और खाद्य एवं औषधि विभाग के उपसंचालक के मार्गदर्शन में संयुक्त टीम का गठन किया गया। विगत दिनों से किए जा रहे निरीक्षण में 8 फर्मों द्वारा स्वापक एवं मन: प्रभावी औषधियों का अवैध रूप से करें एवं विक्रय किया जाना पाया गया। जिन में अनियमितता की गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई की गई ।इनके अलावा भी चार प्रमुख फर्मों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इस दौरान भारत मेडिकल स्टोर्स का लाइसेंस रद्द किया गया।

गुरुवार को खुर्सीपार क्षेत्र में कुल 14 मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया जिसमें 10 मेडिकल स्टोर बंद पाए गये और 4 मेडिकल स्टोर खुले मिले। इनमें से सरदार मेडिकल व श्री राम मेडिकल स्टोर द्वारा औषधियों के क्रय विक्रय दस्तावेज प्रस्तुत न करने के कारण उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। कार्रवाई के दौरान स्थानीय थानों से पुलिस बल भी बुलाया गया था।

## शराब के लिए भाई ने भाई को उतारा मौत के घाट

**बिलासपुर।** गौरा- गौरी विसर्जन के दिन हाई स्कूल में एक युवक की लाश मिलने के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। मामले में पुलिस मृतक के भाई को ही हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार बिल्हा थाना से करीब 15 किलोमीटर दूर ग्राम बोड़तराई में रहने वाला खोरबहरा मंगलवार की रात गौरा-गौरी पूजा देखने गया था जो कि रात में घर नहीं लौटा और सुबह उसकी लाश हाई स्कूल साइंस पार्क में मिली थी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस थाने में दी थी। मामले में पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस ने मृतक के साथ अंतिम समय देखे गए संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस को पता चला कि मृतक को अंतिम बार चैतू ध्रुव जो कि मृतक का भाई है के साथ हाई स्कूल की तरफजाते देखा गया था। उसके बाद चैतू वापस अकेला ही लौट गया। चैतू को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। चैतू ने पुलिस को बताया कि 25 अक्टूबर को वह गांव के गब्बर ध्रुव और मृतक के साथ गौरा-गौरी पूजा देखने गया था।

रात करीब 8 बजे तीनों लौटते समय हाई स्कूल की तरफ एक दुकान गए, जहां से गुटखा लेकर तीनों हाई स्कूल के अंदर जाने लगे। तभी गब्बर का बेटा अरविन्द पहुंचा और अपने पिता को लेकर चला गया। इसके बाद चैतू और खोरबहरा हाई स्कूल साइंस पार्क के पास बैठ गए। इस दौरान चैतू ने खोरबहरा से दारु पीने के लिए पैसे मांगे। पैसा नहीं देने पर गुस्से में चैतू ने उसे धक्का मारकर नीचे गिरा दिया और फिर उसके सिर पर पत्थर से कई वार कर किये जिससे खोरबहरा की मौके पर ही मौत हो गई। जिसके बाद चैतू ने लाश को साइंस पार्क के पीछे छिपा दिया।

# शिवनाथ एनिकट में मिली युवक की लाश, आत्महत्या की आशंका

**दुर्ग।** जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र के बेलौदी गांव में शिवनाथ एनिकट में गुरुवार को युवक का शव तैरता दिखाई। लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची जेवरा सिरसा पुलिस ने एसडीआरएफ को सूचना दी। एसडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव का रेस्क्यू शुरू किया। लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद एसडीआरएफकी टीम ने शव को बाहर निकाला। शुरुआती जांच के बाद पुलिस इसे आत्महत्या मान रही है। जेवरा सिरसा पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक की पहचान शंकर नगर दुर्ग निवासी थानेन्द्र देवांगन पिता रमेश देवांगन के रूप में हुई है। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि युवक थानेन्द्र बुधवार शाम को घर से निकला था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे पुलिस को सूचना मिली कि बेलौदी के एनिकट में किसी युवक का शव तैर रहा है। इसके मौके पर पहुंची पुलिस ने एसडीआरएफ को सूचना दी और शव को बाहर निकालने का काम शुरू किया गया।

जेवरा सिरसा थाना प्रभारी ने बताया कि शुरुआती जांच में यह मामला आत्महत्या का लग रहा है। मृतक के परिजनों व आसपास के लोगों से पूछताछ में यह बात सामने आई है कि युवक कोई काम धाम नहीं करता इसके कारण परिजनों से अक्सर उसका विवाद होता रहता था। बुधवार शाम को वह अपना मोबाइल अन्य सामान छोड़कर निकला था। परिजन इस सोच में थे कि इधर-उधर घूमने के बाद वह लौट आएगा। युवक के शव का रेस्क्यू करने वाली एसडीआरएफदुर्ग की टीम में राजू महानंद, दिलीप, हबीब खान, विनय यादव, हेमराज मरावी, राजेश यादव, दिनेश चंद्राकर, शकील खान आदि शामिल रहे।

**राकेश ट्रेडर्स**
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
**निखार बैंगल**
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

## न्यायालय तहसीलदार, दुर्ग जिला-दुर्ग

मामला क्रमांक/ /अ-/19(3) सन 22/23

**उद्घोषणा-पत्र**

एद्त द्वारा आम जनतो को सूचित किया जाता है कि आवेदक छ.ग. राज्य वक्फ बोर्ड की ओर से मुख्य कार्यपालन अधिकारी रायपुर जिला रायपुर के द्वारा वक्फ अधिनियम 1995 यथा संशोधित 2013 के अनुसार शासकीय राजपत्र दिनांक 25.08.1989 व औकाफ की पंजी अनुसार कब्रिस्तान वाके गंजापारा के नाम पर ग्राम कसारीडीह प.ह.न. 25-अ, स्थित खसरा नंबर 16/1, 15 में से रकबा 0.081 हे., 0.736 हे. भूमि दर्ज है। वर्तमान राजस्व अभिलेख में उक्त भूमि भूमिस्वामी 1 के नाम पर दर्ज है। वक्फ अधिनियम 1995 यथा संशोधित 2013 की धारा 51 के अनुसार (1-क) वक्फ सम्पत्ति का कोई विक्रय दान, विनिमय, बंधक या अंतरण प्रारंभ से ही शून्य होगा तथा आवेदित भूमि सम्पत्ति का वैधानिक स्वामित्व वक्फ बोर्ड का ही होने तथा पूर्वोत्तर समस्त कार्यवाही प्रारंभ से ही शून्य होने से राजस्व अभिलेख में आवेदित भूमि/ सम्पत्ति पर छ.ग. राज्य वक्फ बोर्ड अहस्तांरित दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 109/110 के तहत इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 15.11.22 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.10.22 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

संवाद-34415/2

## न्यायालय तहसीलदार, दुर्ग जिला-दुर्ग

**उद्घोषणा**

**रा.प.कं./ 202108100700137 /अ-06 / वर्ष 2020-21**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक छ.ग. राज्य वक्फ बोर्ड की ओर से मुख्य कार्यपालन अधिकारी रायपुर जिला रायपुर के द्वारा वक्फ अधिनियम 1995 यथा संशोधित 2013 के अनुसार शासकीय राजपत्र दिनांक 25.08.1989 व औकाफ की पंजी अनुसार मस्जिद वाके तकियापारा दुर्ग जिला दुर्ग के नाम पर ग्राम दुर्ग प. ह.नं.24 स्थित खसरा नंबर 1043/1 में से 0.027 है. भूमि दर्ज है। वर्तमान राजस्व अभिलेख में उक्त भूमि भूमिस्वामी गुलाम अली पिता इरशाद, जहूर बी बेवा इरशाद अली के नाम पर दर्ज है। वक्फ अधिनियम 1995 यथा संशोधित 2013 की धारा 51 के अनुसार (1-क) वक्फ सम्पत्ति का कोई विक्रय दान, विनिमय, बंधक या अंतरण प्रारंभ से ही शून्य होगा तथा आवेदित भूमि सम्पत्ति का वैधानिक स्वामित्व वक्फ बोर्ड का ही होने तथा पूर्वोत्तर समस्त कार्यवाही प्रारंभ से ही शून्य होने से राजस्व अभिलेख में आवेदित भूमि / सम्पत्ति पर छ.ग. राज्य वक्फ बोर्ड अहस्तांरित दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं 1959 की धारा 109/110 के तहत् इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15/11/2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं । समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 21/10/2022 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

जारी दिनांक - 21.10.2022
सुनवाई दिनांक - 15.11.2022

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

संवाद-34420/2

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. (भ/स) संभाग, बेमेतरा

क्रमांक-6386/ NIT-49 /2022-2023/क.लो.लि. दिनांक- 21.10.2022

**-: निविदा आमंत्रण सूचना :-**

| | | |
|---|---|---|
| निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | : | 31.10.2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक |
| ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि | : | 10.11.2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | : | 11.11.2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक |

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम / No of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 49 T0307 | उपसंभाग बेमेतरा के अंतर्गत आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत एवं सुदृणीकरण का कार्य। | 20.00 15000.00 |
| 49 T0308 | उपसंभाग बेमेतरा के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत एवं सुदृणीकरण का कार्य। | 20.00 15000.00 |
| 49 T0309 | उपसंभाग साजा के अंतर्गत एवं गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत एवं सुदृणीकरण का कार्य। | 20.00 15000.00 |
| 49 T0310 | उपसंभाग नवागढ़ के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत एवं सुदृणीकरण का कार्य। | 20.00 15000.00 |

निविदा संबंधी शर्तों का अवलोकन संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-95331/4

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/स) संभाग, बेमेतरा

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

# भेंट मुलाकात पर बालाजी नगर पहुंचे विधायक देवेन्द्र, बहनों संग निभाई भाईदूज की रस्म

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भाई दूज के मौके पर गुरुवार भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव बालाजी नगर पहुंचे जहां उन्होंने वार्ड वासियों के साथ भेंट मुलाकात की। इस दौरान वार्ड की बहनों ने अपने विधायक भाई के साथ में धूमधाम और उत्साह के साथ में भाई दूज पर्व मनाया। बहनों ने अपने भाई को खीर खिलाया और राखी भी बांधी। इस बार विधायक भाई ने अपनी बहनों और अपने वार्ड वासियों के लिए एक सर्व सुविधा युक्त डोंमशेड का निर्माण की घोषणा की साथ ही उसका भूमि पूजन भी किया।



वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों के हाथों से भूमि पूजन कार्य का शुभारंभ किया गया और विधायक देवेंद्र यादव ने वार्ड वासियों को आश्वासन दिया कि जल्द ही वार्ड में डोमशेड का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। डोमशेड के बनने से क्षेत्र के नागरिकों को काफी सुविधाएं मिलेगी। धार्मिक व पारिवारिक सामाजिक आयोजन करने के लिए लोगों को काफी सुविधा होगी।

विधायक यादव ने कहा कि काफी समय से क्षेत्र वासियों की मांग थी कि वार्ड में एक डोम का निर्माण किया जाए। जनता की मांग पर विधायक श्री यादव ने पहल की और भूमिपूजन किया।इसके लिए क्षेत्र के नागरिकों ने श्री यादव का दिल से आभार जताया। लोगों ने कहा कि आप ने जो कहा था वो कर के दिखाया है। वार्ड में पानी की समस्या थी आप ने पानी से लेकर सभी समस्याओं का समाधान कर दिया है। इन सभी विकास कार्यों के लिए दिल से आभार, धन्यवाद।

### भगवान शिव से की खुशहाली की प्रार्थना

सबसे पहले भिलाई नगर विधायक वार्ड में पहुंचे जहां उन्होंने भगवान भोलेनाथ के मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की भगवान शंकर से पूरे शहर वासियों की सुख शांति समृद्धि खुशहाली के लिए हाथ जोड़कर प्रार्थना की। इसके बाद उन्होंने हुए वार्ड वासियों को दीपावली पर्व की ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं दी साथी भाई दूज की भी शुभकामनाएं दी। विधायक यादव भगवान शिव की पूजा प्रार्थना करने के बाद लोगों से मिले भेंट मुलाकात की है। बालाजी नगर के सम्मानित जनों से मुलाकात किए। इस दौरान भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के क्रांतिकारी अल्लूरि सीताराम राजू जी की प्रतिमा के पास पहुंच कर पुष्प अर्पित किए और उन्हें प्रणाम करते हुए वंदन किया। उनकी कुर्बानी और बलिदान को याद कर उन्हें शीश झुका कर नमन किया।

## खास - खबर

### मेडिकल स्टोर्स पर जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, एक दुकान का लाइसेंस निरस्त, 7 दुकान निलंबित



**भिलाई।** जिला प्रशासन से शहर के मेडिकल स्टोर्स के खिलाफ गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की है। अवैध दवाओं की खरीदी बिक्री पर रोक लगाने कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा के निर्देश पर खाद्य एवं औषधी विभाग द्वारा शहर के कई मेडिकल स्टोर्स की जांच की गई। इस दौरान 7 मेडिकल स्टोर का 3 से 10 दिवस के लिए निलंबित किया गया। भारत मेडिकल स्टोर्स कसारिडीह का लाइसेंस रद्द किया गया। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और खाद्य एवं औषधि विभाग के उपसंचालक के मार्गदर्शन में संयुक्त टीम का गठन किया गया। विगत दिनों से किए जा रहे निरीक्षण में 8 फर्मों द्वारा स्वापक एवं मन: प्रभावी औषधियों का अवैध रूप से करें एवं विक्रय किया जाना पाया गया। जिन में अनियमितता की गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई की गई।इनके अलावा भी चार प्रमुख फर्मों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इस दौरान भारत मेडिकल स्टोर्स का लाइसेंस रद्द किया गया। गुरुवार को खुर्सीपार क्षेत्र में कुल 14 मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया जिसमें 10 मेडिकल स्टोर बंद पाए गये और 4 मेडिकल स्टोर खुले मिले। इनमें से सरदार मेडिकल व श्री राम मेडिकल स्टोर द्वारा औषधियों के क्रय विक्रय दस्तावेज प्रस्तुत न करने के कारण उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। कार्रवाई के दौरान स्थानीय थानों से पुलिस बल भी बुलाया गया था।

### स्कन्दषष्ठी रजत जयंती समारोह का हुआ आयोजन

**भिलाई।** नगर स्कंदआश्रम में स्कन्दषष्ठी रजत जयंती समारोह के दूसरे दिन कि शुरुवात गौ पूजा से हुई। तत्पश्चात महागणपति, हरिद्रा गणपती होम हुआ जो कार्यक्षेत्र मे निर्विघ्नता तथा उच्त्तरिय व्यापार की संभावनावों मे वृद्धि एवं सौभाग्य प्राप्ति हेतु सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात नवग्रहदोष निवृति, मन की शांति अंतरदशा मुक्ति, ऋष्ण विमोचन तथा कारावास में राहत हेतु हवन हुआ 7 दोपहर मे अपामृत्यु दोष निवृति तथा सभी पुरानी बीमारियो से राहत और मृत्युभय निवृति हेतु सम्पन्न हुआ। सांध्यकालीन समारोह की शुरुवात मान्यूसुकतम हवन से हुआ, जो शत्रुभय जलोधर से मुक्ति हेतु सम्पन्न हुआ। शाम 07:30 बजे दृष्टिअपचार दोष निवृति, बुराई नकरातमक विनाशकरी अंधेरों बलो और भय से निवारनार्थ सर्वेश्वर हवन सम्पन्न हुआ। रात्री 08:30 बजे पिशाच बाधा निवारण, दुष्ट गृह दोष निवारण तथा अवसाद से विमोचन हेतु अघोरारुद्र हवन हुआ। रात्री 09:30 दीप आराधना एवं प्रसाद वितरण हुआ। 28.10.2022 प्रात: 07:00 बजे लक्ष्मीगणपती हवन होगा जो धनप्राप्ति उच्च वित्तीय स्थिति सदभाव और परिवारिक मामलो मे सफ्लता सभी बाधाओ को दूर करने हेतु दशा समस्याओ के लिए शक्तिशाली उपाय हेतु सम्पन्न होगा। प्रात: 08:30 बजे श्रीसूक्ता हवन होगा जो धनधान्य वृद्धि परिवार मे संकट को दूर करने एवं शांति बहाल करने शौभाग्य लाने और वित्तीय बाधाओ को दूर करने हेतु आयोजित है। प्रात: 10:00 बजे शौभाग्य महालक्ष्मी हवन होगा जो सुहागन के दीर्घआयु लक्ष्मी कटाक्षम तथा परिवार मे समृद्धि और शांति हेतु होगा।

### छठ महापर्व की तैयारी को लेकर मेयर ने बुलाई बैठक

# तालाबों व घाटों में बेहतर सफाई के साथ प्रकाश व्यवस्था के निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** छठ महापर्व की तैयारी को लेकर विधायक अरुण वोरा के मंशा के अनुरूप आज गुरुवार को नगर निगम मेयर धीरज बाकलीवाल ने प्रभारी हमीद खोखर और अधिकारियों के साथ डाटा सेंटर में स्वास्थ्य विभाग की बैठक बुलाकर छठ महापर्व को लेकर मेयर ने तालाबों के आस पास व घाटों में बेहतर सफाई के लिए स्वास्थ्य विभाग अमला को दिये निर्देश,बैठक के दौरान उन्होंने छठ घाटों की सफाई को लेकर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी तालाबो में वार्ड 3 मठ पारा तालाब,वार्ड 57 उरला तालाब, वार्ड 7 लुचकी तालाब, वार्ड 29 शीतला मंदिर तालाब, वार्ड 17 शक्ति नगर तालाब,वार्ड 21 पुजारी तालाब,वार्ड 23 दीपक नगर रेवा तालाब,वार्ड 50 बोरसी भाठा तालाब, वार्ड 52 बोरसी वृंदावन तालाब सहित बोरसी शीतला तालाब वार्ड 53 वार्ड 59 एवं 60 में विशेष तौर पर चूना व ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जाए। जिन तालाबों और जलाशयों के जलस्तर में वृद्धि हुई है,वहां पर निगम द्वारा एक गोता खोर रखें ताकि छठव्रती या श्रद्धालु तालाबों व जलाशयों के गहराई वाले क्षेत्र में न जाएं, नगर निगम क्षेत्र में कुल 12 छठ घाट सहित इसके अलावा कुछ अन्य छठ घाटों को भी सूची में जोड़ा गया है. छठ महापर्व से पूर्व सभी छठ घाट दुरुस्त कर दिए जाएंगे. छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी. साथ ही जिन क्षेत्रों में कृत्रिम जलाशय बनाकर छठ महापर्व की तैयारी की जा रही है, वहां निगम के टैंकर से पानी उबलब्ध कराए जाएंगे,बैठक के दौरान अधिकारी रहे मौजूद स्वाथ्य विभाग प्रभारी हमीद खोखर, भोला महोविया,मनदीप सिंह भाटिया,एल्डरमेन अजय गुप्ता,कार्यपालन अभियंता प्रमोद दुबे,शंकरदयाल शर्मा,स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,सुरेश भारती, राजू सिंह,मनोहर शिंदे,रामलाल भट्ट,राजेन्द्र सराठे, समेत अन्य उपस्थित रहे।मेयर ने कहा की उन तालाबो के पार की साफ सफाई कराई जाए और तालाबो के चारो ओर बिजली व्यवस्था के साथ सतज आयोजन स्थल पर तट पर विशेष सफाई के साथ आस पास के एरिया में दवाई का छिड़काव करें।मेयर ने कहा छठ महापर्व पर शहर क्षेत्र से श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े,तालाबो में वहां छठ व्रतियों के लिए बेहतर साफ सफाई सुविधाएं उपलब्ध कराया जाये।



# सेल के डायरेक्टर एके सिंह ने संयंत्र का दौरा किया



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के डायरेक्टर (टेक्नीकल) ए के सिंह, 27 अक्टूबर, 2022 को सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के दौरे पर भिलाई आये। उन्होंने संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता से भेंट की और संयंत्र में विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण किया।

सेल के डायरेक्टर (टेक्नीकल) ए के सिंह सुबह भिलाई निवास पहुंचे। भिलाई निवास में उनका स्वागत कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) श्री अंजनी कुमार ने किया। इस्पात भवन में भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता के साथ बैठक की और सेट के अधिकारियों के साथ भी बैठक ली। उन्होंने संयंत्र भ्रमण की शुरूआत सेफ्टी एक्सीलेंस सेंटर से प्रारंभ की।

विस्तृत सुरक्षा ब्रीफिंग के बाद सेल के डायरेक्टर (टेक्नीकल) ए के सिंह ने भिलाई की मोडेक्स इकाइयों में इस्पात निर्माण कार्यों में विभिन्न गतिविधियों को देखा। उन्होंने कोक ओवन, ओर हैंडलिंग प्लांट, सिंटरिंग प्लांट्स तथा ब्लास्ट फर्नेसेस् का अवलोकन किया। इसके पश्चात उन्होंने कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) के सभागार में संयंत्र के अधिकारियों के साथ बैठक ली।



### मातर महोत्सव में शामिल हुए विधायक अरूण वोरा

दुर्ग। त्यौहारी समय मे वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा लगातार सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में सम्मिलित हो रहे हैं जिस कड़ी में उन्होंने वार्ड क्रमांक 1 व 2 में मातर महोत्सव में शिरकत कर सभी श्रद्धालुओं को मातर की बधाई दी एवं हजारों की भीड़ के बीच शहर की सुख समृध्दि की कामना की।

# छठ पर्व के मद्देनजर युद्ध स्तर पर हो रही है तालाबों की सफाई, आयुक्त ने तालाबों का निरीक्षण कर लिया जायजा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** त्योहारी सीजन के मद्देनजर भिलाई निगम प्रशासन का अमला तालाब एवं परिसर की सफाई में जुट गया है। आयुक्त रोहित व्यास ने छठ पर्व को देखते हुए तालाबों की व्यापक सफाई कराने के निर्देश सभी जोन के अधिकारियों को दिए है। निर्देश के परिपालन में युद्ध स्तर पर तालाबों की सफाई की जा रही है। आगामी पर्व को देखते हुए 15 दिन पूर्व से तालाबों के सफाई की कार्य योजना तैयार कर ली गई थी। जिसके मुताबिक जोन के स्वास्थ्य प्रभारी की अगुवाई में तालाब परिसर की सफाई के लिए सुबह से ही स्वच्छता कर्मचारी तालाबों में पहुंच कर सफाई का कार्य कर रहे हैं। तालाब के गंदगी को निकाला जा रहा है तथा आवश्यकतानुसार तालाबों में जल शुद्धिकरण के लिए एलम इत्यादि का उपयोग किया जा रहा है। तालाबों में नीचे उतरने के लिए बनाए गए सीढ़ियों की सफाई की जा रही है ताकि पूजा करने आने वाले श्रद्धालुओं एवं नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। तालाबों की सफाई का जायजा लेने के लिए निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आज शहर के विभिन्न तालाब जहां छठ पर्व के लिए पूजा, अर्चना किया जाना है का निरीक्षण किया और जोन आयुक्त तथा स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि आस्था के इस महापर्व के लिए महापौर नीरज पाल ने तालाब सफाई को लेकर इसके निर्देश अधिकारियों को पूर्व में भी दे दिए हैं। आयुक्त महोदय ने निरीक्षण के दौरान आगामी पर्व को देखते हुए जोन आयुक्तों को छठ पर्व से संबंधित सभी आवश्यक कार्यों को करने के निर्देश दिए हैं।



### कल होगा खरना, दिनभर निर्जला व्रत रख खाएंगे खीर और सोहारी

# घरों में बना सात्विक भोजन लौकी-चना दाल और चावल खाकर निभाई नहाए-खाए की रस्म

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नहाए-खाए की रस्म के साथ शुक्रवार से छठ पर्व की शुरुआत हो गई। इस महापर्व के पहले दिन छठ व्रती ने घर को शुद्ध कर अपने लिए स्वात्विक भोजन बनाया। व्रतधारी ने लौकी, चने की दाल और चावल खाकर व्रत की शुरुआत की। अब अगले चार दिनों तक घर में सात्विक भोजन बनेगा। शनिवार को निर्जला व्रत के साथ खरना की परंपरा निभाई जाएगी।

घरों में महिलाओं ने छठी मैया का प्रसाद तैयार करने नया चूल्हा बनाया। साथ ही गेहूं को धोकर सुखाया और इन सभी परंपरा को निभाते हुए महिलाओं ने छठी मैया के गीत भी गुनगुनाए। इधर बाजार में सूपा, बांस की टोकनी आदि की खरीदारी भी आज से शुरू हुई। पूरे परिवार का साथ कठिन छठ पर्व को लेकर व्रती ने अपने घरों में आज से ही नियमों का पालन करना शुरू कर दिया है। नहाए-खाए की रस्म निभाते हुए व्रती के साथ-साथ पूरे परिवार ने चावल, चने की दाल और लौकी की सब्जी खाई। कई घरों में आज से रोजाना इस्तेमाल किए जाने वाले चूल्हे की बजाए नए गैस चूल्हे का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। तो कई ने मिट्टी के चूल्हे में ही आम की लकड़ी जलाकर भोजन बनाया। सुबह से आंगन में गेंहू भी सूखते रहे, क्योंकि इन्ही गेहूं से छठ मैया का मुख्य प्रसाद ठेकुआ बनेगा।



### कल बनेगी सोहारी और खीर

सेक्टर 7 निवासी रश्मि झा ने बताया कि नहाए-धोए की रस्म में व्रती एक टाइम ही भोजन करते हैं। कल शनिवार सुबह से व्रती निर्जला व्रत रखेंगे और शाम को सूर्यास्त के बाद सोहारी(रोटी) और गुड़ से बनी खीर का प्रसाद ग्रहण करेंगे। उन्होंने बताया कि खरना का प्रसाद लेने के बाद 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जाएगा जो सोमवार सुबह सूर्योदय के बाद पूरा होगा।

### जानिए क्यों खाते हैं लौकी और भात

अवधपुरी निवासी पूनम प्रियदर्शिनी ने बताया कि बिहार में लौकी को कद्दू भी कहते हैं। लौकी खाने के पीछे वैज्ञानिक कारण भी है। लौकी और चावल पचने में आसान होते हैं। साथ ही लौकी में ज्यादा भाग पानी का होता है। इन दिनों नए चावल का भी उपयोग किया जाता है। चावल और लौकी की तासीर ठंडी भी होती है। जिसकी वजह से अगले दिन रखा जाने वाला निर्जला व्रत आसान हो जाता है।

### भेंट मुलाकात में भिलाई विधायक ने खोला सौगातों का पिटारा

# बनेगी पानी की टंकी, कच्ची सड़क पर लगेगा पेवर ब्लॉक



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के सामने बनी बस्ती में भेंट मुलाकात करने पहुंचे विधायक देवेन्द्र यादव ने लोगों के बीच पहुंचकर कई सौगात दी। रहवासियों की मांग पर उन्होंने यहां पानी की टंकी सहित कच्ची सड़कों पर पेवर ब्लॉक लगाने की घोषणा की है।

शुक्रवार सुबह-सुबह बस्ती में पहुंचे विधायक देवेन्द्र ने सभी से मिलकर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी और उनसे उनकी समस्याओं को भी जाना। उन्होंने यहां युवाओं की मांग पर जिम के इंस्ट्रूमेंट के लिए 50 हजार रुपए देने की भी घोषणा की। इस मौके पर उनके साथ निगम के स्वच्छता प्रभारी एवं पार्षद लक्ष्मीपति राजू एवं निगम के अधिकारी मौजूद थे।

### महिलाएं बनेगी आत्मनिर्भर

एमआईसी मेंबर लक्ष्मीपति राजू ने बताया कि बस्ती की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने समूह से जोड़कर उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। विधायक देवेन्द्र ने महिलाओं को काम दिलाने के लिए यह प्रयास किया है। उन्हें प्रशिक्षण के बाद रोजगार से जोड़ा जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950